हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 30 जून 2025

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

12 पाटन क्षेत्र में डीएपी खाद की कमी सोसाइटियों से एनपीके भी गायब



14 तीनों लोकार्पित आधुनिक इकाइयों में दो हजार लोगों को मिलेगा रोजगार





## खबर संक्षेप

### नशे की दवा को बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें चार तो पहले गिरफ्तार हो गए थे और एक आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 22 मई को उतई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेलूद पाटन रोड के पास दो युवक प्रतिबंधित नशीली टैबलेट बेच रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कृष्णा यादव, अजय यादव, मनोज डोंगरे, गोवर्धन लाल सिंह को नशीली टैबलेट व कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में टिकरापारा रायपुर निवासी नेतराम साहू फरार हो गया था। नेतराम एमआर फील्ड में सेल्स का काम करता है। इसी की आड़ में वो मेडिकल दुकान में प्रतिबंधित नशीली टैबलेट अल्प्राजोलम, कैप्सूल ट्रामाडोल को ऑर्डर पर बेचने के लिए जाता था और फिर आरोपियों को सप्लाई कर देता था। पुलिस ने नेतराम के कब्जे से मोबाइल, आधार कार्ड, बिजनेस कार्ड, नगदी 2 हजार जब्त किया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### सूने मकान से 2.70 लाख की चोरी

**भिलाई।** घर में ताला लगाकार परिवार सहित शादी में गए जैन भोजनालय के संचालक बसंत कुमार जैन के घर में लाखों की चोरी हो गई। पुलगांव पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि रसमड़ा स्थित जैन भोजनालय संचालक बसंत जैन परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने नागपुर गए थे। मकान की चाबी को उन्होंने अपने मैनेजर धर्मेन्द्र वर्मा को दिया था। 27 जून को मैनेजर ने उन्हें फोन करके बताया कि उसकी तबीयत खराब हो गई है और वो जा रहा है। इसके बाद बसंत ने बताया कि वो नागपुर से वापस होन रहे हैं। उन्होंने धर्मेन्द्र को राजनांदगांव बुलाया और मकान की चाबी नौकरानी सुनीता को देकर शाम को राजनांदगांव लौट गया। सुनीता ने बताया कि उसने मकान जाकर काम किया और चाबी गमले के पीछे रखकर चली गई। बसंत जैन जब रात को अपने घर लौटे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोरी गए जेवरात की कीमत 2.70 लाख रुपए आंकी गई है।

### गुपचुप ठेले वाले से रंगदारी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि राजीव नगर गौरा चौरा खुर्सीपार निवासी अजीत गुप्ता शासकीय स्कूल खुर्सीपार जोन 2 के पास गुपचुप ठेला लगाता है। 19 जून की रात उज्जवल जायसवाल, उपवन जायसवाल और उसके दो साथी ठेले में गुपचुप खाने पहुंचे थे। गुपचुप खाने के बाद उज्जवल से पैसा मांगने पर रंगदारी दिखाने लगा और पैसा नहीं दिया।

# बिना ई-वे बिल जा रही होंडा की गाड़ियों को जीएसटी अधिकारी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने होंडा कंपनी की नई बाइक व स्कूटर से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में जितनी भी गड़ियां लोड थीं उनका ई-वे बिल नहीं था। इसके बाद इसको लेकर कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक यह कार्रवाई दुर्ग जीएसटी डिपार्टमेंट की असिस्टेंट कमिश्नर नीता दीवान और आदेश वाहन अमन साहू ने मिलकर की। उन्हें शनिवार रात सूचना मिली थी कि सीजी 07 एनए 9159 ट्रक में होंडा कंपनी की नई स्कूटी और बाइक लोड करके ले जाया जा रहा है। लेकिन उनका कोई ई-वे बिल जनरेट नहीं किया गया है। सूचना मिलते ही नीता दीवान रात 9-10 बजे के करीब नेहरू नगर चौक के पास पहुंची। उन्होंने ट्रक को रोका। चेकिंग करने पर उसके अंदर 9-10 होंटी की बीएस 6 फेज 2 मॉडल की बाइक और स्कूटी लोड थी। जब दीवान ने ड्राइवर से ई-वे बिल मांगा तो वो नहीं दे पाया। इसके बाद वो उस गाड़ी को पकड़कर जीएसपी कार्यालय दुर्ग ले गईं।

पूछताछ करने पर पता चला कि ये गाड़ियां दल्लीराजहरा स्थित होंडा शो-रूम से दुर्ग लाई जा रही थीं। इतनी दूर से गाड़ियों को लाने के बाद भी इनका ई-वे बिल जनरेट न होना ये दर्शाता है कि कहीं ना कहीं गाड़ियों में जीएसटी चोरी की आशंका को दर्शाता है।

### गुपचुप की गई कार्रवाई

बिना ई-वे बिल के नई गाड़ियां ले जाते पकड़ी जाने के बाद भी जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने इस कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इतना ही नहीं जब इसे लेकर अमन साहू से बात की गई तो उन्होंने कार्रवाई की बात को स्वीकार किया, लेकिन क्या कार्रवाई हुई और क्या कमी पाई गई, कितने की जीएसटी चोरी पाई गई इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

### जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने नहीं दी जानकारी



### मामला रफा दफा करने पहुंचा मालिक

रात में जैसे ही जीएसटी की टीम ने नई बाइक और स्कूटर से भारे ट्रक को पकड़ा उन गाड़ियों को मंगाने वाला व्यक्ति तुरंत सीजी 07 बीजेड 2500 से वहां पहुंचा। उसने मामले को रफा दफा करने की भी कोशिश की, लेकिन मीडिया के मौजूद रहने से जीएसटी अधिकारियों ने कार्रवाई की बात की। कार्रवाई के बाद भी अब तक यह नहीं बताया गया कि ये गाड़ियां किसकी थी और बिना ई-वे बिल के कैसे यहां तक लाई गईं।

## दुर्ग पुलिस की पहल

## 74 फीसदी से भराए जा चुके बॉन्ड

# अब बॉन्ड के तार में बंधेंगे जिले के गुंडे कानून तोड़ा तो होगा ट्रिपल एक्शन

जेएम तांडी ⏭ भिलाई

खास खबर



शहर के बदमाश इन दिनों पुलिस के बॉन्ड ओवर (अनुबंध पत्र) नोटिस से दहशत में हैं। ये एक ऐसा नोटिस है, जिसमें पुलिस से बदमाश करार करता है कि अगली तय समय-सीमा तक वह कोई अपराध नहीं करेगा। अब तक एसडीएम दफ्तर में बुलाकर बॉन्ड ओवर कर दिया जाता था। पहली बार ऐसा हो रहा है जब नोटिस घर भेजा जा रहा है। पुलिस ऐसा कर गुंडे-बदमाशों पर मानसिक दबाव बनाने की तैयारी में है। ये रेड कार्ड उसके परिवार के सामने दिया जा रहा है। इसे देखकर बदमाश या अनावेदक की हर गतिविधि पर परिवार के लोग नियंत्रण करने लगते हैं। शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बदमाशों या अनावेदकों का बॉन्ड ओवर भरवाए जा रहे हैं। जिले के 23 थाना, 6 पुलिस चौकियों में कुल गुंडे-बदमाश 513 और निगरानीशुदा 269 हैं। इन अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने बॉन्ड ओवर की कार्रवाई शुरू की है। एक-एक अपराधियों से 20 से 50 हजार का बॉन्ड भरवाया जा रहा है। इसके भरने के बाद अपराधी अगर अपराध करता है तो उसकी संपत्ति कुर्क कर यह राशि वसूली जाएगी। 74 प्रतिशत गुंडे-बदमाशों से बॉन्ड भरवाया जा चुका है। इसी प्रकार निगरानीशुदा अपराधियों के मामले में 54 फीसदी प्रतिवदन भेजा गया है। बॉन्ड में बकायदा अपराधियों के हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं। अपराधी यदि नया अपराध करता है तो बॉन्ड के 50 हजार रुपए एसडीएम कोर्ट में जमा करना होगा।

### सोशल मीडिया में हथियार दिखाने वालों पर भी कार्रवाई

बॉन्ड ओवर को लेकर पुलिस ने सोशल मीडिया में हथियारों की नुमाइश करने वालों को भी टार्गेट किया है। उनसे भी बॉन्ड पेपर पर हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं। उसे कुछ शर्तों का पालन करने के लिए कहा जा रहा है। यदि वह अपराधी उन शर्तों का उल्लंघन करता है, तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। पुलिस का मानना है कि इस बॉन्ड ओवर से जिले में होने वाले अपराध में कमी आएगी। इसमें कई बड़े अपराधी समेत सोशल मीडिया पर हथियार दिखाते हुए पोस्ट करने पर भी पुलिस उसे बॉन्ड ओवर कर सकती है। इससे अपराधी भवष्यि में ऐसी हरकतें न करें।

### उल्लंघन करने पर हो सकती है 4 से 6 माह की सजा

पुलिस ने बताया कि बॉन्ड ओवर जिले के अपराधियों में प्रभाव डालेगा। अपराधी गलत काम करने से डरेंगे। दंडाधिकारी द्वारा उनकी बॉन्ड की राशि को जब्त की जा सकती है। बदमाश के परिवार को आर्थिक संकट से जूझना पड़ सकता है। अपराधी बॉन्ड भरने के बाद अपराध करने पर उसके खिलाफ सजा का प्रावधान है। 50 हजार के बॉन्ड को बढ़ाकर एक लाख रुपए भी किया जा सकता है। कार्यपालिक दंडाधिकारी उसे 3 से 6 महीने तक सजा दे सकते हैं।

### जानिए किस थाने में कितने गुंडों का भराया गया बॉन्ड

| थाना | गुंडा | आदेश | बॉन्ड जारी |
|---|---|---|---|
| अंजोरा चौकी | 09 | 03 | 03 |
| जेवरा | 12 | 12 | 08 |
| नगपुर | 05 | 04 | 04 |
| मचांदुर | 05 | 04 | 05 |
| पद्मनाभपुर | 16 | 16 | 07 |
| वैशाली नगर | 34 | 19 | 19 |
| भट्ठी | 08 | 05 | 05 |
| छावनी | 62 | 33 | 16 |
| नेवई | 34 | 19 | 18 |
| पुरानी भिलाई | 29 | 29 | 12 |
| कुम्हारी | 18 | 13 | 03 |
| पाटन | 08 | 08 | 08 |
| रानीतराई | 05 | 04 | 05 |
| उतई | 06 | 04 | 02 |
| नंदिनी | 23 | 23 | 12 |

### जाने क्या है बॉन्ड

पुलिस बॉन्ड ओवर के जरिए बदमाशों पर लगाम लगाने का काम करती है। इसके तहत हर थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के गुंडे बदमाशों को थाने में बुलाता है और उसका बॉन्ड ओवर (अनुबंध पत्र) भरवाता है। यह अनुबंध ऐसा होता है कि उसमें गुंडा बदमाश खुद ये लिखकर देता है कि यदि वो भविष्य में कभी कानून को हाथ में लेगा तो उसके खिलाफ 50 हजार रुपए जुर्माना या संपत्ति राजसात जैसी कार्रवाई पुलिस कर सकती है।

### अपराधों में आएगी कमी



"अपराधियों के लिए बॉन्ड ओवर अभियान चलाया जा रहा है। बॉन्ड ओवर से अपराधियों में दहशत बनेगी। नकेल कसने के लिए जिले में इसे शुरू किया गया है। अब तक निगरानीशुदा अपराधियों का 15.4 फीसदी, गुंडा बदमाशों का 26.12 फीसदी आदेश जारी किया गया है।

- विजय अग्रवाल एसएसपी दुर्ग

# बारिश में ट्रांसपोर्ट नगर बन जाता है टापू



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र से लगे ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण में लेटलतीफी सैकड़ों ट्रांसपोर्टरों पर भारी पड़ रही है। चार साल बाद भी इसका निर्माण अधूरा होने से ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को बारिश के मौसम में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इस मामले में भिलाई तीन चरौदा नगर निगम उदासीन बना हुआ है।

- चार साल बाद भी अधूरा है ट्रांसपोर्टनगर का निर्माण कार्य

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1992 में तत्कालीन साडा (विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ) द्वारा शहर के बीच अव्यवस्थित ट्रांसोपर्टरों को औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में ट्रांसपोर्ट नगर के रुप में बसाया गया था। इसके विकास की योजना का वादा सरकार और जन प्रतिनिधि करते रहे। इस दौरान बुनियादी और अन्य सुविधाओं के अभाव में सैकड़ों ट्रांसपोर्टर विकास के लिए तरसते रहे। लेकिन इस बीच विकास नहीं होने से ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ट्रकों की आवाजाही सहित कई तरह की समस्याओं से जूझते रहे। ट्रांसपोर्टरों की मांग पर तीस साल बाद वर्ष 2019 में भिलाई तीन चरौदा नगर निगम द्वारा फेस -1 और फेस-2 के रुप में में ट्रांसपोर्टनगर के नवनिर्माण का काम शुरु हुआ था। इसका भूमिपूजन तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल द्वारा किया गया था। लेकिन इसका निर्माण चार साल बाद भी अधूरा होने का खामियाजा ट्रांसपोर्टरों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें सबसे अधिक चिंता बारिश की चिंता सता रही है। हर साल बरसात के मौसम ट्रांसपोर्टनगर ऊबड़खाबड़ दलदली वाले एक टापू के रुप में तब्दील हो जाता है। गाड़ियों की आवाजाही में भारी दिक्कत होती है। ट्रकों व हाइवा दलदल में फंसने के साथ पलटते भी रहते हैं। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि इंजिनों में पानी भर जाता है और पाट्र्स भी खराब हो जाते हैं। लोडिंग अनलोडिंग जैसी कई समस्याएं आती हैं। अब फिर बारिश रुलाएगी।

# वीडियो, मैसेज वायरल के नाम पर ब्लैकमेल जीजा गिरफ्तार, साली की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दुर्ग पुलिस ने वीडियों और मैसेज को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले जीजा को गिरफ्तार किया है। साली अभी फरार है।

- साली अब भी है फरार, नंदिनी पुलिस कर रही है खोजबीन

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नंदिनी थाने में मामले की शिकायत दर्ज हुई है। वर्ष 2009-2010 में सिद्धार्थ नगर कोसा नाला भिलाई निवासी दामीनी सोनी से पीड़ित की पहचान हुई थी। दोनों आपस में बातचीत करते थे। वर्ष 2013-14 में दामीनी सोनी का विवाह हो गया। 2021 में दामीनी ने जितेन्द्र कुमार साहू को फ्रेंड रिकवेस्ट भेजा था। फिर मैसेज में आरोपिया दामीनी सोनी ने पीड़ित का मोबाईल नंबर मांगा था। मोबाईल फोन व वाट्सअप से दोनों का बातचीत करना शुरू हो गया। नजदीकीयां बढ़ने पर दोनो के बीच चैट और फोन बात होने लगी। दामीनी ने उसे अपने पास रख लिया था। इसके बाद वो जितेंद्र को ब्लैकमेल करने लगी। जब जितेंद्र ने उसकी बात मानने से मना किया तो उसने उसके मैसेज और कॉल रिकार्डिंग को वायरल करने की धमकी दी।

### घर पहुंचकर दी धमकी

7 सितंबर 2024 की शाम दामीनी सोनी अपने जीजा चिंटू उर्फ मोहम्मद असलम के साथ पीड़ित के घर ग्राम पथरिया आकर पैसे का डिमांड कर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पुलिस में किया गया। पुलिस जांच में शिकायत सही पाए जाने पर आरोपी चिंटू उर्फ असलम को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दामिनी पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस ने बताया कि दामिनी सोनी और उसका जीजा वृंदा नगर वैशाली नगर निवासी चिंटू उर्फ मोहम्मद असलम को धमकी देकर डरा धमका कर 2 लाख रुपये ले चुके थे। दामिनी सोनी और चिंटू उर्फ मोहम्मद असलम बार बार वीडियो वायरल कर पीड़ित तो बर्बाद करने की धमकी दिया करते थे।

# गैंग बनाकर चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई के स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में गैंग बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवक और एक नाबालिग लड़के को पुलिस ने गिरप्तार किया है।

- त्रिनयन ऐप की मदद से खोज निकाला आरोपियों को

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सुधीर कुमार अग्रवाल का दुर्गा नगर कोहका स्थित आनंद पूरम फेस 1 में मकान है। वहां कुछ अज्ञात लोगों ने ताला तोड़कर चोरी किया था। चोरों ने वहां से 8 पंखा, 35 नल की टोंटी, 55 चिटकनी, दो बंडल वायर आदि चोरी किया था। चोरी गए सामान की कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई थी। स्मृति नगर पुलिस ने मामले में जांच करते हुए त्रिनयन ऐप के माध्यम से खोजबीन की। इसी दौरान उन्हें सीसी कैमरे के फुटेज में तीन संदेही दिखाई दिए। हुलिया जांच और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने डेरा बस्ती फरीद नगर सुपेला निवासी प्रेम नेताम, समीर धुर्वे उर्फ कान्हा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने नाबालिग लड़के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

# पार्षद के खिलाफ सोशल मीडिया में वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम दुर्ग वार्ड 18 पार्षद व लोकनिर्माण प्रभारी देव नारायण चंद्राकर का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

- निगम दुर्ग पार्षद ने की आईजी, एसएसपी से शिकायत

इसमें नाबालिग को पार्षद चूना रसायन हटाने बोलते दिख रहा है। जिसे लेकर पार्षद ने आईजी, एसएसपी के नाम मोहन नगर थाने में यूट्यूब चैनल के खिलाफ शिकायत किया है। पार्षद चंद्राकर ने बताया कि यूट्यूब चैनल के सैय्यद सैफ, निधि राजपुत, धीरज कटझोरी द्वारा वीडियों वायरल कर छबि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया में नाबालिग से बाल श्रम कानून की धज्जियां उड़ाने का पार्षद पर आरोप लगाया जा रहा है। पार्षद देव नारायण चंद्राकर ने थाना मोहन नगर में सोशल मीडिया इंफ्लून्सर्स कार्रवाई की मांग की है। अपने वीडियों को लेकर पार्षद देव नारायण चंद्राकर पुलिस से यूट्यूब पोटल पर प्रतिबंध करने की बात आनेदन में उल्लेख किया है। पार्षद ने बताया चुनाव में हारा प्रतिद्वंदी सैय्यद सैफ, निधि राजपुत दोनों मिलकर बदनाम करने की साजिश रच रहें है।

## आईआईटी भिलाई इनोवेशन फाउंडेशन और रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एमओयू

# बेशकीमती लैब और एनिमल रिसर्च सेंटर की प्रयोगशाला में स्टूडेंट करेंगे शोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आईआईटी भिलाई और रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी अब साथ मिलकर रिसर्च करेंगे। इसको लेकर रूंगटा यूनिवर्सिटी और आईआईटी भिलाई के इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन (आईबीआईटीएफ) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों ही संस्थान के फैकल्टी और स्टूडेंट्स विभिन्न रिसर्च प्रोजेक्ट में एक साथ होंगे। यह करार संस्थान के संसाधनों के इस्तेमाल को लेकर भी किया गया है। इसमें एक तरफ जहां रूंगटा यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स आईआईटी भिलाई की बेशकीमती लैब और मशीनरी का यूज कर पाएंगे, वहीं आईआईटी की फैकल्टी और छात्र रूंगटा यूनिवर्सिटी में एनीमल रिसर्च सेंटर और फार्मास्यूटिकल साइंस की प्रयोगशालाओं का इस्तेमाल करेंगे। इसके साथ इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स को भी आईआईटी भिलाई की एक्सपरटीज का लाभ मिलेगा। इस एमओयू पर आईआईटी भिलाई इनोवेशन फाउंडेशन के सीईओ डॉ. प्रशांत माथुर और रूंगटा ग्रुप के डायरेक्टर सोनल रूंगटा ने हस्ताक्षर किए साथ ही एक-दूसरे संस्थान की बेहतरी के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराने का वादा किया।



### आईआईटी से कर सकेंगे इंटर्नशिप

रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के छात्रों को जल्द ही आईआईटी भिलाई से इंटर्नशिप के मौके भी मिलेंगे। आईआईटी में ढेर सारी परियोजनाएं चल रही हैं, जिसमें रूंगटा के छात्र भी साथ होंगे। विभिन्न परियोजनाओं में आईआईटी उन्हें स्टाइपैंड भी देगा, साथ ही परियोजना समाप्त होने के बाद आईआईटी उन्हें प्रमाणित भी करके देगा। इससे छात्रों के अनुभव में बढ़त आएगी, उन्हें कॅरियर में भी मदद मिलेगी।

### 3 साल के लिए करार

एमओयू के बाद आईआईटी भिलाई इनोवेशन फाउंडेशन के सीईओ डॉ. माथुर ने कहा कि, यह सहयोग फिनटेक, एग्रीटेक और हेल्थटेक जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार को गति देगा। रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर सोनल रूंगटा ने भी इस साझेदारी को छात्रों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोगी बताया। यह एमओयू तीन वर्षों तक प्रभावी रहेगा और दोनों संस्थानों की आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस एमओयू पर आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश में भी हर्ष जताया। कहा कि, इस पहल से समाज के लिए हो रही नई नई रिसर्च को बल मिलेगा।

### आईआईटी को क्या मिलेगा

रूंगटा यूनिवर्सिटी की स्कूल ऑफ फार्मेसी में एनीमल हाऊस को भारत सरकार द्वारा प्रमाणित किया गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में दवाइयों की रिसर्च और कैरीयर निर्माण के दौरान सबसे पहले इसकी टेस्टिंग एनीमल पर ही की जाती है। ऐसे में आईआईटी भिलाई के भी कई सारे प्रोजेक्ट्स है, जिसमें वे नई दवाइयों पर शोध कर रहे हैं। इसमें आईआईटी की मदद रूंगटा यूनिवर्सिटी करेगी। आईआईटी के इस तरह के प्रोजेक्ट्स के लिए एनीमल टेस्टिंग को अप्रूवल देगा। नई दवाइयों के प्रभाव को समझने में भी मदद करेगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301


Happy Birthday
कुशल संगठनकर्ता
भाजपा जिलाध्यक्ष आदरणीय
श्री सुरेन्द्र कौशिक जी
को
जन्मदिन
की शुभकामनाएं एवं
हार्दिक बधाई
30 जून
विनीत : भारतीय जनता पार्टी एवं समस्त कार्यकर्तागण, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# संस्कृति बचाने माता-पिता संस्कृत भाषा का उपहार अवश्य दें अपनी संतान को: साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

संस्कृत भारती के बैनर तले 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का भव्य आयोजन संस्कृत आचार्य नरेंद्र साहू के मार्गदर्शन में 20 से 29 जून तक जामगांव आर आयोजित किया गया। रविवार को समापन समारोह में अतिथि संस्कृत भारती के सह प्रांत मंत्री मेघनाथ साहू, आरएसएस के पूर्व प्रचारक हलधर महमल्ला, सेजस बेलहारी प्राचार्य वाई के साहू और सेजस जामगांव आर प्राचार्य चेतना ठाकुर मंचासिन थे। इस शिविर में जामगांव आर नवागांव बटरेल बोरवाय आदि ग्रामों के संस्कृत संभाषण प्रेमी जन लाभान्वित हुए। शिविर की एक खास बात रही कि मां बसंती अपने पुत्र फ्रणिश साहू के साथ पूरे 10 दिन संस्कृत संभाषण में भाग लिए। क्षेत्र के 3 बच्चे काशी जाकर 15 दिनों तक संस्कृत संभाषण में भाग लेकर लौटे।







## संस्कृत संभाषण के काशी गए विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

संस्कृत संभाषण की विशेष दक्षता प्राप्त करने सेजस बेलहारी के छात्र शिवम् साहू बटरेल, छात्रा द्धय वामनी साहू और तृप्ति साहू नवागांव काशी गए थे। आयोजन में अतिथियों ने तीनों विद्यार्थियो का सम्मान किया। जामगांव आर में 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण सिखाने मां चंद्रकला साहू अपने पुत्र फ़निश साहू के साथ पूरे दिन पूरे समय साथ रही। अतिथियों ने इनका भी सम्मान किया।

## 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का हुआ समापन

मुख्य वक्ता संस्कृत भारती के सह प्रांत मंत्री मेघनाथ साहू ने कहा कि अनादिकाल से संस्कृत संस्कृति और संस्कार का गहरा नाता है। भारत के घर घर में जब पूजा पाठ होती है तब मंत्रोच्चारण संस्कृत में गूंजने लगते है। संस्कृत को आम बोल चाल की भाषा बनाकर संस्कृति को बलवती बनाए, जिससे घर परिवार समाज में गिर रहे संस्कार को बचाया जा सके। जीवन को संस्कारमय बनाने के लिए संतान को संस्कृत की शिक्षा अवश्य दे। मुख्य अतिथि हलधर महमल्ला ने कहा कि दीप से दीप जलाते चलो संस्कृत की ज्योति से ज्योति फैलाते चले कारवां बनता चला जाएगा। सेजस बेलहारी प्राचार्य वाई के साहू ने कहा कि संस्कृत को वैज्ञानिकों ने विज्ञान के बढ़ते कदम में महती भूमिका निभाने वाली भाषा माना है। जामगांव आर सेजस प्राचार्य चेतना ठाकुर ने कहा कि संस्कृत भाषा आदर्श नागरिक बनाने में महती भूमिका निभाती है। शिविर संचालन टोली में खिलेश साहू प्रधानपाठक चन्द्रकला साहू – क्रीडा शिक्षिका बसन्ती साहू - गृहिणी भारती सोनबेर, सामाजिक कार्यकर्ता, टामेश्वरी साहू-प्रधान पाठिका, हुलसी नेताम प्रधान पाठिका ममता चंद्राकर, शिक्षिका छन्नूलाल साहू, प्रधान पाठक पुष्पेंद्र साहू और खेमलाल यादव का सराहनीय रहा। मोक्षलक्ष्मी, कौशल्या साक्षी, खिलेश्वरी माही, मुनेश्वरी बिंदिया, डिलेश्वरी याचना, गुंजन, तनु पलक, नीलम, वाणी, एकता तुषार, ऋषभ, कुशल, हर्षित, फनीस, युगल डिलेश्वर, लितेश, दुष्यंत, भूमि और यतीश ने संस्कृत संभाषण शिविर का लाभ लिया।

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा आज से



**पाटन।** अमलेश्वरडीह में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन 30 जून से 4 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक कबीर चौक डीह में शिव महापुराण की कथा पंडित कामता प्रसाद शरण अपने मुखारविंद भगवान शिव की महिमा का बखान करेंगे। साथ में आचार्य सुजल दास वैष्णव रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक उमेश कुमार साहू, भागी साहू, गिरजानंद साहू, गिरधर साहू, तुलाराम साहू ,ओम प्रकाश साहू उपाध्यक्ष , डोमन यादव पार्षद, चैन सिंह साहू, संतराम साहू ,महेश यादव,, हुकुमचंद साहू, लखन साहू, आदि मौजूद थे।

## निधन

### सतीश दानी



**दुर्ग।** धमधा निवासी सतीश दानी का निधन 29 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार धमधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. चंद्रशेखर दानी के पुत्र, राजश्री दानी के पति, शाश्वत, शांतनु दानी के पिता और श्रीनिवास दानी, रंजना दानी, प्रतिमा गुप्ता, गीता अग्रवाल के भाई थे।

### रामबिलास पटेल



**भिलाई।** हाकी के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं बीएसपी के कर्मचारी रामबिलास पटेल (बाबा पटेल) का निधन रविवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 30 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास मोंगरा 135 बी ब्लाक तालपुरी भिलाई से रिसाली मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे भरत लक्ष्मी के पति एवं शिवा पटेल के पिता थे।

### कालिदास महाजन



**भिलाई।** सुंदर नगर प्लाट नंबर 122 निवासी कालिदास महाजन (81) का रविवार को निधन हो गया। वे जनता बूट हाउस पावर हाउस और टाप शूज सेक्टर 6 के संचालक सुरेन्द्र महाजन, अतुल महाजन, अमित महाजन के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में 30 जून सोमवार को शाम 4 बजे किया जाएगा।

## परेशान किसान भटक रहे, कृषि विभाग की कार्रवाई का इंतजार

# पाटन क्षेत्र में डीएपी खाद की कमी सोसाइटियों से एनपीके भी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

*खेती-किसानी का सीजन आ चुका है, लेकिन किसानों को अभी शुरुआत से खाद नहीं मिल रही है। हालात यह हैं कि, डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) खाद नहीं होने पर विकल्प के तौर दी जाने वाली नाइट्रोजन (एन), फास्फोरस (पी) और पोटेशियम (के) मिश्रित एनपीके खाद भी सोसायटियों में उपलब्ध नही है। जिसके कारण किसानों को खुले बाजार में महंगी कीमत में खाद खरीदना पड़ रहा है।*

दरअसल, जब डीएपी की कमी है तो एनपीके या ग्रोमोर खाद दिया जाना चाहिए। लेकिन सरकारी खाद गोदाम खाली है वहीं निजी दुकानों में स्टॉक भरा है।ऐसे में किसान दोगुने दाम में खाद खरीदने पर मजबूर हो चुके है। किसान चिंतित हैं। किसान खेतों में खेती के लिए समय न देकर समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि अगर दो-चार दिनों में उन्हें बीज और खाद नहीं मिला तो वे इस साल धान की खेती करने में पिछड़ जाएंगे। इसकी वजह से फिर से एक बार उन्हें कर्ज का सहारा लेना पड़ेगा।छत्तीसगढ़ के अधिकतर सोसाइटी में खाद और धान का बीज नहीं है। दुर्ग जिले में खरीफ की फसल के लिए कुल 37 हजार 700 मीट्रिक टन खाद के भंडारण का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 15 हजार 800 मीट्रिक टन यूरिया, 7400 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट, 9300 मीट्रिक टन डीएपी, 1600 मीट्रिक टन इफ्को और 3600 मीट्रिक टन पोटाश शामिल है।






### 145 मीट्रिक टन डीएपी खाद ही बची

सिर्फ 20 समितियों में ही डीएपी का स्टॉक 4917 मीट्रिक टन डीएपी में से 4722 मीट्रिक टन का उठाव हो चुका है। वर्तमान में 145 मीट्रिक टन डीएपी खाद ही बचा हुआ है। दुर्ग जिले में बोनी के समय में किसानों में खाद और बीज की भारी डिमांड है। ऐसे में जिले की 86 में से मात्र 20 समितियों में ही डीएपी का स्टॉक है। इससे किसानों को किसानी छोड़कर बार-बार समितियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। किसानों के मुताबिक समितियों से उन्हें स्वर्णा धान का बीज नहीं मिल पा रहा है। फसल पिछड़े न इसके लिए वह 1001, 1010, मौखरी, आईआर 36, महामाया, राजेश्वरी, क्रांति जैसे दूसरे धान के बीच की मांग कर रहे हैं, लेकिन समिति में किसी भी किस्म के धान का बीज नहीं है। किसानों के माध्यम से जानकारी मिली है की पाटन एवम पाटन के आस पास के कृषि दुकानों में डी ए पी की भरी मात्रा में स्टॉक जाम कर के रखे हुए है। किसान अधिक दामों में खाद लेने में मजबूर है ।

### कार्रवाई की जा रही

कृषि दुकानों में अगर डीएपी खाद मिलता है तो तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

-**मुकेश मढ़रिया,** कृषि अधिकारी

## शिविर में दी विधिक विषयों की जानकारी

**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर विधिक विषयों के संबंध में जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्राम पंचायत आमटी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की स्कीम- साथी, डॉन-ड्रग, संवाद, जागृति, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, आपदा पीड़ित को पीड़ित क्षतिपूर्ति, बाल श्रम अधिनियम 1986, स्थाई लोक अदालत जनोपयोगी सेवा, महिलाओं के अधिकारों के संबंध में और समय समय पर आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं निःशुल्क अधिवक्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।




## जिला प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार

# तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार, आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

धमधा तहसील कार्यालय में अनियमितता को लेकर किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। कैंसर पीड़ित किसान के जमीन प्रमाणीकरण में 30 हजार की मांग, एक जमीन के स्टे को हटाने का हवाला दे कर एक लाख रुपए की मांग,पैसा नहीं देने पर किसान को प्रमाणिक के लिए एक साल तक घुमाने का मामला शामिल है।

- किसान ने जमीन प्रमाणीकरण के लिए रिश्वत मांगने का लगाया आरोप
- एबीवीपी संघ के बाद कई गांवों के किसानों ने जिला प्रशासन से की है शिकायत

वहीं इस शिकायत की कड़ी में एक और अहम हिस्सा बने ग्राम हीरेतरा के किसान संतोष चंदेल जिनसे 20 डिसमिल जमीन के प्रमाणीकरण के लिए महिला कर्मचारी द्वारा 10 हजार रुपए की मांग की गई । किसान के द्वारा मना करने पर चक्कर लगाने की बात कही गई। इस मामले में पहले एबीवीपी संघ ने शिकायत की अब किसान संगठन ने एकता दिखाई है। जिसमें बीते शुक्रवार 15 से 20 गांव के किसानों से इस मामले की शिकायत की है।

किसान नेता टेकसिंह चंदेल ने बताया कि किसान एक तो मौसम और सरकार दोनों से परेशान है। उस पर तहसील कार्यालय में इस प्रकार कर्मचारियो ,बड़े बाबू द्वारा पैसे का लेन देन जैसे मामले बढ़ गए है। किसान के बटवारा, सीमांकन, फौती, प्रमाणीकरण जैसे कई राजस्व संबंधी मामलों में अधिकारियों द्वारा तय शुदा रिश्वत शुल्क लिया जाता है।




### किसानों से लिया जा रहा रिश्वत शुल्क

किसान एक तो मौसम और सरकार दोनों से परेशान है। उसे से तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार के मामले बढ़ गए है। किसानों से रिश्वत शुल्क लिया जाता है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है।

-टेकसिंह चंदेल, किसान नेता

### सुनने में आ रही लेन-देन की बातें

धमधा तहसील में लेन देन की बातें आए दिन सुनने में आ रही है रही है। यहां उच्च अधिकारी के आदेश की अवमानना कर दी जाती है तो आम आदमी की स्थिति सोची जा सकती है।

-**अंकित दानी**, अधिवक्ता

### शर्मनाक है भ्रष्टाचार

प्रदेश की सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति अपना रही है कही किसी भी कार्यालय में किसानों से उनके कम करने के लिए रिश्वत मांगी है तो कार्यवाही होना निश्चित है। धमधा तहसील में भ्रष्टाचार शर्मनाक है जिस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

- रोहित राजपूत, विधायक प्रतिनिधि

### करेंगे उचित कार्रवाई

जानकारी प्राप्त हुई है मामले की जांच करके उचित कार्रवाई करेंगे।

- अभिजीत सिंह, कलेक्टर दुर्ग

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## मुड़पार के ग्रामीण ने सुनी मन की बात



**सेलूद।** मुडपार के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो प्रसारण मन की बात का 123 वां प्रसारण सुना। 'मन की बात' प्रभारी हरप्रसाद आडिल के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री मोदी की योग की थीम को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मन की बात सुनने वालों में बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव,भारतीय जनता पार्टी सदस्य लक्ष्मण यादव, झूकुराम पटेल, सोमानी यादव, मनोज यादव, तीजु राम विश्वकर्मा, लोकेश यादव, विद्या यादव, कला यादव, गंगोत्री विश्वकर्मा और पुष्पा यादव सहित ग्रामीण शामिल थे।






# एक दिन में ही 19.8 मिमी बारिश से शहर तरबतर, आज से और तेज बारिश

**भिलाई** ।जून के अंतिम दिनों में मानसूनी बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। शनिवार-रविवार की दरम्यानी सुबह से चल रही बारिश पूरे दिन रूक-रूक कर होती रही। एक दिन में ही 19.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज किया गया है। सुबह सबसे ज्यादा वर्षा हुई। इस समय 17.6 डिग्री सेल्सियस वर्षा दर्ज की गई है। दूसरे पहर में 2.2 डिग्री सेल्सियस वर्षा हुई। वहीं सोमवार यानी 30 जून से और ज्यादा बारिश होगी। इस बारिश से किसानों और लोगों ने राहत की सांस ली है। जिले की खेती-किसानी में तेजी आएगी और दूसरी तरफ लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है।

## देर आए मानसून से किसानों और लोगों ने ली राहत की सांस

### तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट

शनिवार- रविवार की बारिश से अधिकतम तापमान भी काफी नीचे चला गया। अधिकतम तापमान में 6.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान भी 21.0 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा है। आने वाले दिनों में यही स्थिति रहने की संभावना है।



### जानिए सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र और उससे सटे पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटों पर कम दबाब का क्षेत्र बना हुआ है। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। अगले 2 दिनों के दौरान इसके उत्तर ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड से होते हुए धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

### ये द्रोणिका हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की द्रोणिका औसत समुद्र तल पर फिरोजपुर, सोनीपत, अवीध्या, गया, पुरुलिया, उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने निम्न दवाव क्षेत्र के केंद्र तथा समीपवर्ती पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटों से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ों तक स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण राजस्थान और उससे सठे उत्तरी गुजरात के ऊपर ऊपरी इजा के चक्रवाती परिसंचरण से मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़ और उत्तरी ओडिशा से होते हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटों पर कम दबाब वाले क्षेत्र से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण तक औसत समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर स्थित है तथा यह ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुकी हुई है।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** सीटीबी फाउंडेशन पार्षद जितेंद्र ताम्रकार एवं प्राचीन शिव गणेश मंदिर समिति लुचकी पारा के संयुक्त तत्वावधान में शिव मंदिर समीप रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ वंदना देवांगन एवं डॉ विशाल बख्शी द्वारा चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तदान की व्यवस्था आशीर्वाद ब्लड बैंक द्वारा की गई। वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 56 यूनिट रक्तदान किया। साथ ही बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरिफ तिगाला, वार्ड 7 पार्षद जितेंद्र ताम्रकार, मो तासीर, पार्षद वार्ड 8 खालिद रिज़वी, नरेश साहू, कालू भाई, बसंत ध्रुव, पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार, आशिफ अली, शाकिर पवार, मुन्नवर अली, गोपाल कसेर, अलताब आदि का सहयोग रहा।

### वार्ड 56 उरला में सुनी पीएम के मन की बात



**दुर्ग।** वार्ड क्रमांक 56 उरला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर वार्ड के नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, योग, खेल और एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में जागरूकता और भागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर युवा नेता नितेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम अपने आप में अद्भुत व प्रेरणास्पद है, जिसे न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में सराहा जाता है। सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रेशमा सोनकर, गोलू सोनकर, भीम, शुभम कोम्बे, तुषार राजपुत तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।

**समारोह : मुख्यमंत्री साय ने किया आयुर्वेदिक प्रसंस्करण का लोकार्पण**

# तीनों लोकार्पित आधुनिक इकाइयों में दो हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा के अंतर्गत ग्राम जामगांव एम में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा निर्मित आधुनिक आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई एवं केन्द्रीय भण्डार गृह परिसर तथा स्प्रेयर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप अंतर्गत निर्मित हर्बल्स एक्सट्रेक्शन इकाई का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद विजय बघेल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, सम्पत लाल अग्रवाल, ललित चन्द्राकर, गजेन्द्र यादव एवं रिकेश सेन, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक दयाराम साहू, महामण्डलेश्वर हरिद्वार श्रीश्री 1008 डॉ स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज, स्थानीय आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव, छत्तीसगढ़ राज्य वनोपज संघ प्रबंध संचालक अनिल कुमार साहू, छग राज्य वनोपज संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एस मणिकासगन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने लोकार्पण के पहले प्रसंस्करण ईकाई परिसर में आंवला का पौधा रोपित किया। इसके साथ ही वन मंत्री कश्यप ने सीताफल का पौधा, सांसद विजय बघेल ने बेल, महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 डॉ स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज ने भी सीताफल का पौधा रोपित किया।

## साय सरकार प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने है कृत संकल्पित





### ऐतिहासिक पहल

उल्लेखनीय है कि आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई छत्तीसगढ़ की समृद्ध वन संपदा को विज्ञान और आधुनिक तकनीक से जोड़कर फारेस्ट टू फर्मेसी मॉडल को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। 27.87 एकड़ क्षेत्र में 36.47 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई से प्रतिवर्ष 50 करोड़ रूपए मूल्य के उत्पाद तैयार किये जाने का अनुमान है। यह इकाई प्रदेश के वनों में पायी जाने वाली औषधीय और लघु वनोपज जैसे महुआ, साल बीज, कालमेघ, गिलोय, अश्वगंधा आदि का संगठित एवं वैज्ञानिक प्रसंस्करण कर चूर्ण सिरप, तेल, टैबलेट एवं अवलेह जैसे गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक उत्पादों का निर्माण करेगी। यह इकाई छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड के तहत प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने का प्रमुख केन्द्र भी बनेगी। परियोजना के अंतर्गत 2000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की प्राथमिक प्रसंस्करण कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित होगी, जिससे उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। वही युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होने से स्थानीय स्तर पर आजीविका के नए द्वार खुलेंगे। आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई में आधुनिक वेयर हाउस की 20,000 मीट्रिक टन की संग्रहण क्षमता विकसित की गई है, जिससे सीजनल वनोपजों के दीर्घकालीन संरक्षण एवं गुणवत्ता नियंत्रण में सहायता मिलेगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फ़ॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन को मूर्तरूप देती है।



### मध्य भारत का सबसे बड़ा प्रसंस्करण

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 44.10 प्रतिशत वनाच्छादित क्षेत्र है। जिसके कारण राज्य में वनोपज की बहुलता है। यह प्रसंस्करण इकाई मध्य भारत का सबसे बड़ा प्रसंस्करण इकाई है। इसके प्रारंभ होने से वनोपज का संग्रहण, प्रसंस्करण के साथ-साथ वनोपज के उत्पाद को बेहतर बाजार मिलेगा। महा मण्डलेश्वर हरिद्वार श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुर्वेदिक औषधियां की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### पांच हितग्राहियों को बांटी चरणपादुका

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान पांच हितग्राही महिलाओं को चरण पादुका प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय की संवेदनशीलता को देखने को मिली। उन्होंने ग्राम बढ़भुम जिला बालोद निवासी महिला हितग्राही शकुंतला कुरैटी को अपने हाथों से चरण पादुका पहनाया। इसके साथ ही अन्य हितग्राही वैजयंती कुरैटी, निर्मला उईके, ललिता उईके, श्रीमती अघनतीन उसेंडी को भी वन मंत्री सहित सभी अतिथियों ने अपने हाथों से चरण पादुका पहनाया।राज्य में आयुर्वेद और वनौषधियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने तीन नई हर्बल इकाइयों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन इकाइयों से लगभग दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का 44 प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र से आच्छादित है। यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों की कच्ची सामग्रियाँ जंगलों से एकत्रित कर संयंत्रों तक पहुंचाई जाएंगी, जिससे वनवासियों को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रसंस्करण इकाई मध्य भारत का सबसे बड़ा प्रसंस्करण इकाई है। यह संयंत्र आयुर्वेदिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेदिक केंद्र के रूप में बनेगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान में जुड़ने का आव्हान किया।

# ट्रैफिक पुलिस ने लगाया 8 प्रमुख स्थलों पर चेकिंग पाइंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- शाम 6 से 11 बजे तक चेकिंग
- 264 वाहन चालको पर कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष चेकिंग पाइंट लगाया गया है। वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि जिले के प्रमुख 8 स्थानों पर विशेष चेकिंग पाइंट लगाकर 264 लापरवाह वाहन चालको पर कार्रवाई ई रक्शिा,ऑटो चालकों की लिस्टिंग की गई।

28 जून की शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक ट्रैफिक पुलिस, थाना स्टॉफ के द्वारा चेकिंग पाइंट में दो पहिया वाहन में तीन सवारी 25, बिना हेलमेट 36, तेज रफ्तार 11, बिना सीट बेल्ट 29 और शराब पीकर वाहन चालने वाले 5 चालको पर कार्रवाई की गई। रूआबांधा क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 34 चालको पर भी शिकंजा कसा गया।

शराब पीकर वाहन चालन करने वाले वाहन चालक का वाहन जप्त कर अग्रिम कार्रवाई की गई। जिसे न्यायालय में पेश किया गया।न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालको से 10 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। वाहन चालको के लाइसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को भी भेजा गया है। संदिग्ध लगने वाले वाहन चालको के वाहन की डिक्की की भी चेकिंग की गई। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में ई रिक्शा, ऑटो चालकों का सत्यापन के लिए नाम नंवर पता की जानकारी नोट की गई।

## सांसद विजय आज रेलवे जीएम के साथ लेंगे बैठक

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के तहत आने वाले दुर्ग के सांसद विजय बघेल की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ रविवार को आयोजित है । बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित की जायेगी । इसमें रेलवे के विकास पर चर्चा होगी। बैठक में विजय बघेल यात्री सुविधाओं तथा रेल विकास से संबन्धित कार्यों एवं मुद्दों पर चर्चा होगी । इसमें मरोदा स्टेशन से दुर्ग लिंक केबिन लाईन को चालू किया जाना, अमृत भारत योजना अंतर्गत दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों में हो रहे पुनःनिर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण, दुर्ग से रावघाट तक दोहरीकरण रेलवे लाईन का निर्माण व विद्युतीकरण , दुर्ग - मरोदा स्टेशन के मध्य रिसाली फाटक से बोरसी फाटक के मध्य पैसेंजर हाल्ट स्टेशन का निर्माण , चंद्रपुर (गढ़चिरौली) -जगदलपुर प्रस्तावित रेल लाईन को दल्लीराजहरा से होते हुए परिचालन , नवा रायपुर – राजिम- धमतरी रेल लाइन को जल्द से जल्द शुरु किया जाना आदि हैं।

# विकसित भारत हम सभी का संकल्प है: ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रविवार को रिसाली हिन्द नगर में बूथ नम्बर 106 वार्ड 31 पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की छोटी-छोटी से लेकर बड़ी उपलब्धियों पर भी अपनी बात साझा करते हैं और उसकी सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग दिवस की भव्यता, पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि, 1975 के आपातकाल और भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की वियतनाम यात्रा और भारत के ट्रेकोमा मुक्त होने जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। विधायक ने कहा कि विकसित भारत हम सभी का संकल्प है और राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार हर मोर्चे पर दृढ़ संकल्प के साथ खड़ा है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू , नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष अर्चना हिरवानी , किरण यादव, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे,कमलेश हिरवानी, गोपाल साहू, चोवा राम साहू, बालेश्वर यादव, शिवलाल साहू, भरत हिरवानी, महेश देशमुख, चंद्रिका सेवार, सुनीता चौहान, सुलोचना बिंदेश्वरी, ललिता साहू, मोंगरा देशमुख, प्रदेशनीन,राम कुंवर बैनर्जी, पूर्णिमा देशमुख, जमुना साहू, कामिनी साहू, दिव्या साहू, हिमांशु साहू, ए के श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# उद्योगों के विकास से ही राष्ट्र का विकास संभव : पीएन शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- इंटक कार्यालय में ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स पर सेमिनार



स्टील इंपलाइज यूनियन इंटक के सेक्टर 3 स्थित कार्यालय में दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर पीएन शाह द्वारा ''ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स'' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया । रीजनल डायरेक्टर पीएन शाह ने यूनियन नेताओं को 5-डी सिद्धांत अपनाकर श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ औद्योगिक विकास में म भूमिका निभाने के लिए जागरुक किया।

महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इंटक यूनियन कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके जीवन स्तर में विकास के साथ औद्योगिक विकास पर भी जोर देती रही है इसके लिए राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड से लगातार सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहा है । उन्होंने सेमिनार मे इंटक के 41 श्रमिक नेता शामिल हुए जिसमें से 23 श्रमिक नेताओं ने नामांकन भी किया ।

राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर पी एन साह ने कहा कि ट्रेड यूनियन का विकास होने से भिलाई इस्पात संयंत्र का विकास होगा एवं देश में उद्योगों के विकास से राष्ट्रीय विकास संभव हो पाएगा इसके लिए यूनियन नेताओं को 5 डी सिद्धांत पर फोकस करना जरूरी है । उन्होंने कहा कि फाइव-डी अर्थात डिजायर,ड्यूटी ,डिजाइन ,डेडीकेशन एवं डेस्टीनेशन को अपनाकर हम श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेंगे तथा कर्मचारियों, यूनियन नेताओ एवं प्रबंधन के बेहतर समन्वय से उद्योग का विकास होगा । सेमिनार में अतिरिक्त महासचिव शेखर कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार किचलू .उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन, सच्चिदानंद पांडेय, राजाराम पांडेय, उप महासचिव शिव शंकर सिंह, सीपी वर्मा सहायक कोषाध्यक्ष जीआर सुमन. वरिष्ठ सचिव राजकुमार, रेशम राठौर, ज्ञानेंद्र पांडेय, सचिव डी शंकर, गोविंद राठौड़ विंसेंट परेरा रामजीत सिन्हा विजय विश्वकर्मा आरिफ मंजर अजय कुमार शाह, एन चंद्रा नायक, अरविंद प्रताप सिंह, आर देवांगन, जे बेंजामिन डीपी साहू बिन्नी पाल मलय कुमार बनर्जी सुरेंद्र प्रसाद अखिलेश्वर मानिक टी एस राजेश जेके सूर्य,वंशी डी मोहन राव, अजय खलखो, आर वेंकटराव राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

**संविधान बचाओ सभा में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा**

# केंद्र सरकार की वजह से रक्षा हितों का कत्ल होते जा रहा- भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- सिविक सेंटर कला मंदिर में हुआ संविधान बचाओ सभा

सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सभा का आयोजन रविवार को हुआ। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि संविधान को बनाने में कई साल लगे। जिन लोगों ने इसे बनाया उन्होने दिन रात एक कर बमुश्किल से बनाया। अब केंद्र सरकार इस संविधान को ही बदलने जा रही है। इससे रक्षा हितों का कत्ल होता जा रहा है। राष्ट्र हित में संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। लोगों के हितों से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। उन्होने बताया कि आज कांग्रेस को संविधान बचाओ सभा करने की क्यों जरूरत पड़ी।

### केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना

सभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। बघेल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संविधान का दुरुपयोग कर रही है और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी योजना, जो गरीब मजदूरों की आर्थिक रीढ़ थी, उसे बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही, उन्होंने सरकार पर विदेशों के दबाव में काम करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज संविधान संकट में है और उसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।




### स्वतंत्र व निष्पक्ष विचार नहीं रख सकते - देवेन्द्र

भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि आज संविधान बचाना राष्ट्र हित में सबसे जरूरी हो गया है। केंद्र सरकार की मनमानी के चलते आज स्थिति ऐसी है कि पत्रकार तक स्वतंत्र व निष्पक्ष होकर अपनी बात नहीं रख सकते। संवैधानिक लोकतंत्र को केंद्र सरकार की नीति से खतरा पैदा हो गया है। इस मौके पर भिलाई जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, पूर्व विधायक बदरूद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक अरूण वोरा, नीता लोधी, सीजू एंथोनी, भिलाई निगम के एमआईसी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष,एनएसयूआई सहित कई लोग मौजूद रहे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 30 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



03



नृत्य और संगीत को बनाइए अपनी दिनचर्या का हिस्सा, रहेंगे सेहतमंद


लाइव इवेंट

## गायकों ने गीतों की रिमझिम से संगीत प्रेमियों का तन-मन भिगोया



**भिलाई।** हिंदी फिल्मों के लेजेंड्री और बेजोड़ संगीतकार तथा गायक आरडी बर्मन की स्मृति में रागमंजरी ने गीतों की रिमझिम फुहारों से श्रोताओं के तन-मन को भिगो दिया। सावन के पहले पड़ी बारिश की बौछारों ने जहां संगीत प्रेमियों के लुभाया, वहीं सुरों की सरिता ने मन को तरबतर कर दिया। पंचमदा की जयंती पर स्वामी आत्मानंद उद्यान व खेल परिसर में आयोजित सुर संध्या में एक अजनबी हसीना, होगा तुमसे प्यारा कौन, मेरी भीगी-भीगी सी पलकें, भीगी-भीगी रातों में, रिमझिम गिरे सावन, बड़ा नटखट है रे, प्यार दीवाना होता है, रात कली एक ख्वाब में आई, चुरा लिया है तुमने जो दिल को जैसे अमर फिल्मी गीतों का संगीत प्रेमियों ने आनंद किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंचमदा को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। फिर उसके बाद शुरू हुआ एक के बाद एक लगभग दो दर्जन फिल्मी तरानों का संगीतमय सफर। संगीत का खुमार ऐसा छाया कि गायकों के साथ श्रोता भी झूमझूम कर गाने लगे। इस दौरान लोगों ने गानों की फरमाइश भी की, जिसे गायकों ने पूरा किया। आरडी बर्मन के सदाबहार गीत पेश कर सुरों की महफिल सजाने वाले रागमंजरी कराओके के कलाकारों में तपन कुमार नाथ, जाह्नवी दत्ता, जीवनंदन वर्मा, सुरेश बारसागड़े, प्रमोद ताम्रकर, सुमन जोशी, राजेश्वरी साहू, वंदना देशमुख, तामेश्वर साहू और तिलक वर्मा शामिल हैं। इस मौके पर गायकों का स्मृति चिह्न देकर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के पदाधिकारियों केशव बंछोर तथा प्रवीण कुमार चोपड़ा की खास भूमिका रही।



■ लेजेंड्री संगीतकार पंचमदा की जयंती पर सुर संध्या आयोजित

● गर्मी छुट्टी के बाद महिलाओं के कार्यक्रमों का दौर शुरू, संयुक्त महिला समिति का हुआ आयोजन

# महाप्रभु का फेवरेट खाजा, परवल की मिठाई और कुम्हड़ा पकौड़े के परफेक्ट प्रजेंटेशन को मिला शेफ का खिताब



जगन्नाथ महाप्रभु को लगने वाले 56 भोग में एक और उडीसा का प्रमुख मीठा खाजा और गजा, परवल की मिठाई, कुम्हड़े के पकौड़े, मखाना शुगर फ्री हलवा, मैंगो पुडिंग, ब्रेड मैंगो रसमलाई, मोदक, मालपुआ, अनन्नास का हलवा, सत्तू के लड्डू, मैंगो जेली कस्टर्ड, बेसन के लड्डू सहित कई मीठे व्यंजनों की खूशबू से कार्यक्रम स्थल महक उठा। अवसर था संयुक्त महिला समिति प्रगति नगर रिसाली द्वारा आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता के कार्यक्रम का। जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

**भिलाई।** जिसमें व्यंजनों के सुस्वाद और परफेक्ट प्रेंजेटेशन देखकर विजेताओं को मास्टर शेफ और कुकिंग एक्सपर्ट का खिताब देते हुए पुरस्कृत किया गया और कई रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। संयुक्त महिला समिति की अध्यक्ष अनुजा अग्रवाल ने बताया कि गर्मी छुट्टी बीतने के बाद एक बार फिर समिति के कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है। इन दिनों जगन्नाथ यात्रा भी शुरु है जिसमें प्रभु का पसंदीदा भोग खाजा और गजा सहित मीठे व्यंजन बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें समिति की सदस्याओं ने उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। निजी होटल में आयोजित विविध प्रकार के व्यंजनों की खूशबू से से पूरा वातावरण महक उठा।

### मीठे व्यंजनों का किया परफेक्ट प्रजेंटेशन

प्रतियोगिता में सदस्याओं द्वारा एक से बढ़कर एक मीठे व्यंजन ब्रेड मैंगो रसमलाई, मखाना, परवल की मिठाई, मैंगो पुडिंग, मोदक, मालपुआ, कुम्हड़े के पकौड़े, अनन्नास का हलवा, मैंगो जेली कस्टर्ड, सत्तू के लड्डू, बेसन के लड्डू सहित कई आयटम घर से बनाकर लाया और कार्यक्रम स्थल पर खूबसूरत ढंग से सजाकर निर्णायकों के सामने प्रजेंटेशन दिया। व्यंजन प्रतियोगिता में निर्णायक के रुप में कुकिंग एक्सपर्ट सुषमाश्री जैन और रानो मिश्रा ने सभी व्यंजनों का स्वाद लिया और परफेक्ट प्रेजेंटेशन को देखकर विजेताओं के नाम घोषित किया।



### व्यंजन प्रतियोगिता में यह रही विजेता

मीठे व्यंजन की प्रतियोगिता में प्रथम सविता चतुर्वेदी, द्वितीय शिप्रा राय, तृतीय तस्नीम बानो, सांत्वना पुरस्कार, सुष्मिता रथ, के सविता, सुरेखा निर्गोस्कर, प्रियंका सिंह को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न गेम्स में प्रथम प्रीति ढोबले, द्वितीय वंदना सोनी, तृतीय सुष्मिता हालदार विजाता रही।



### महिलाओं ने नृत्यों की दी शानदार प्रस्तुति

19 सालों से रिसाली में समिति दवरा कई सेवा कार्य भी किये जाते रहते है। इसी कड़ी में गर्मी की छुट्टी बीतने के बाद समिति द्वारा व्यंजन प्रतियोगिता से साल भर के विविध कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इस दौरान सदस्याओं द्वारा धमाकेदार नृत्य और रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सामूहिक नृत्य के दौरान सभी महिलाओं ने भी जमकर डांस किया और खूब मस्ती भी की। साथ ही साथ हाऊजी और कई रेचक गेम भी खेले गए। जिसमें विजेताओं को ईनाम भी दिया गया।कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष सरस्वती गुप्ता और सांस्कृतिक सचिव मधुमिता भौमिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर समिति की संरक्षक शरदनी नायडू, करतार कौर जग्गी, अध्यक्ष अनुजा अग्रवाल, महासचिव लतिका राजन, सचिव ममता श्रीवास्तव, सह सचिव नैनसी डैनियल, सांस्कृतिक सचिव लीना दास, मीडिया प्रभारी नीरा लखेरा, सरिता सिंह, प्रतिभा यादव, वंदना सोनी, संध्या साटकर, नीलम वर्मा, अनीता गुप्ता, सपना, प्रीति, नीता, संगीता, मनीषा, अनीता, पूनम, सारिका सहित सभी सदस्याएं उपस्थित थी।







# निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर से मरीजों को मिला लाभ, 87 यूनिट किया रक्तदान



**भिलाई।** सीबीटी फाउंडेशन और प्राचीन शिव गणेश मंदिर समिति लुचकी पारा के संयुक्त तत्वावधान में आज शिव मंदिर समीप विशाल रक्तदान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में डॉ. वंदना देवांगन और डॉ. विशाल बख्शी द्वारा चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। लोगो ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 87 यूनिट रक्तदान किया। साथ ही हजारों नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष आरिफ तिगाला, फाउंडेशन के जितेंद्र ताम्रकार, मो. तासीर, खालिद रिज़वी, नरेश साहू, बसंत ध्रुव, पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार, अब्बास, हुसैन सहित मंदिर समिति अध्यक्ष प्रकाश डडसेना, बंटी कसेर, राजा महोबिया, राज महोबिया, राजा यादव, महेंद्र साहू ,पंसारी, तरुण साहू, रॉकी अवसरिया, बाबा,कान्हा, रुद्र साहू, सनी साहू, सूरज साहू,शीतल साहू, नरेंद्र ताम्रकार, डॉ. शेखर ताम्रकार,बबलू ताम्रकार, रिंकू ताम्रकार ,कुंदन यादव,देव,सुजल,आयुष ठाकुर,आकाश रजक,महिला समिति लुचकी पारा एवं इस अवसर पर आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों और वार्डवासियों का आभार व्यक्त किया।

## दिवंगतों की स्मृति में हुआ सघन पौधारोपण दशहरा मैदान रिसाली में हुआ आयोजन



स्व. योगेंद्र मुन्ना पाण्डे की स्मृति में हुआ आयोजन

**भिलाई।** योग लंगर समिति और केसरी समिति रिसाली के संयुक्त तत्वावधान में योग परिसर दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में रविवार की सुबह समाजसेवी स्व. योगेंद्र मुन्ना पाण्डे की स्मृति में सघन पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से स्व मुन्ना पांडे के पिता त्रिभुवननाथ पांडे, परिवारिक जन नागेंद्र पाण्डे, क्षितिज, कार्तिकेय, मंदाकिनी, कादम्बरी शर्मा, वंदना, सलोनी, ईशा, आयूषी शर्मा, प्रज्ञान पाण्डे, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चन्द्राकर, युवा समाजसेवी सोनुराम सिह, पार्षद सुनन्दा चन्द्राकर, डॉ. सीमा साहू, धर्मेंद्र भगत, योग लंगर समिति के संस्थापक अशोक माहेश्वरी, शैलेन्द्र, अनुपम साहू, संध्या वर्मा, राजेश्वरी पसीने सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी उपस्थित होकर पौधरोपण किया।

सिटी इवेंट

## बच्चों का हुआ दांत का परीक्षण वितरित की गई चरण पादुकाएं



**भिलाई।** तथागत महिला समिति भिलाई द्वारा शनिवार सुबह शासकीय प्राथमिक शाला अकलोरडीह हथखोज में समिति के सभी सदस्यों के द्वारा कक्षा एक से पांचवी तक के बच्चों को शालेय जूता एवं मोजा दान दिया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष कल्पना गजभिये एवं समिति की समस्त सदस्य, स्कूल के प्रधान पाठक डीआर सहारे एवं तथागत समाज कल्याण समिति के सदस्यों ने सर्व प्रथम प्रथम बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर वंदना की। साथ ही बच्चों को समिति द्वारा स्वल्पाहार का भी वितरण किया गया। महिला समिति की महासचिव डॉ. सोनीका बोधि ने स्कूल के बच्चों के लिए निशुल्क दंत चिकित्सा कैंप लगाकर सभी बच्चों के दांतों का परीक्षण किया।

इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्ष कल्पना गजभिये, महासचिव डॉ. सोनिका बोधि, उपाध्यक्ष हंसा खोबरागड़े , सचिव प्रतिभा मंडपे, करुणा सहारे, सलाहकार मीना नारनवरे, वंदना गड़पाइले, सीमा ढोक, संतकला श्यामकुंवर, नम्रता मेश्राम, आशा चौहान, सुनीता मेश्राम, मानवी मेश्राम, रूबी यादव एवं तथागत समाज कल्याण समिति से अध्यक्ष अनिल साखरे, श्याम राव ढोक, अनिल गजभिये, सुमेध बोधि सहित स्कूल का पूरा स्टाफ उपस्थित था। स्कूल के प्रधान पाठक डीआर सहारे ने इस दान कार्यक्रम की सराहना करते हुए तथागत महिला समिति आभार व्यक्त किया।




जीवनशैली जन्य व्याधियों पर केंद्रित कार्यशाला और प्रश्नमंच का आयोजन

# तनाव, समय प्रबंधन व अनियमित जीवनशैली सुधारने दिए टिप्स, प्रकृति के समीप रहकर करें योग व ध्यान

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई एवं सिविल डिफेंस साउथ ईस्टर्न सेन्ट्रल रेलवे रायपुर डिवीजन के संयुक्त तत्वावधान में जीवन शैलीगत व्याधि, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन एवं आपदा राहत प्रविधि पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंत्रालयीन स्टॉफ प्रशिक्षण इकाई एमएसटीयू के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए किया गया।



### अग्निसुरक्षा पर किया मॉकड्रिल, दिए दिशा निर्देश

आयकर भवन एमएसटीयू बत्तीस बंगला भिलाई में आयोजित कार्यशाला में सह प्रशिक्षण में सम्बन्धित विषयों पर एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी और चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि इस कार्यशाला में अग्नि सुरक्षा परीक्षण, मॉक फायर ड्रिल, आपातकालिक नागरिक सुरक्षा प्रदर्शन एवं अप्रत्याशित अप्रिय परिस्थितियों में होने वाले हादसों पर गम्भीरता पूर्वक प्रकाश डाला गया। रेलवे सिविल डिफेंस की टीम ने विभिन्न प्रकार की अनहोनी से बचाव सम्बन्धी कदम और जागरूकता विषयक महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिये। विशेषज्ञ टीम ने विविध प्रकार के कृत्रिम जोखिम निर्मित कर उनसे सुरक्षा और बचाव का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया।

### लाइफ स्टाइल डिसीज महामारी की तरह करें प्राणायाम

यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई के वाइस प्रेसिडेंट सुधीर अवधिया, महेन्द्र देवांगन और कोषाध्यक्ष हेमलाल देवांगन ने बताया कि आज के भौतिकवादी समय में लाइफ स्टाइल डिसीज महामारी की तरह फैल चुका है। अनियमित दिनचर्या और खान-पान तथा भौतिकवादी यांत्रिक जीवनशैली से अधिकतर लोग प्रभावित हैं। शारीरिक निषक्रियता, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, ओव्हरवेट, हृदयरोग, कैंसर, अस्थमा, तनाव, अनिद्रा आदि अनियमित जीवनशैली जन्य व्याधियां हैं। इस विषय पर डॉ. के. श्रीजन ने बताया कि सन्तुलित खान-पान, अनुशासित दिनचर्या तथा योग एवं प्राणायाम से प्रकृति के पास रहकर इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। वरिष्ठ आयकर अधिकारी रूपा पिल्लई एवं बी. समीर ने बताया कि यूथ हॉस्टल्स की वरिष्ठ सदस्य रिटायर्ड कर्नल हरिशरणजीत ने समय प्रबंधन पर प्रभावी वक्तव्य दिया। ईपीसी पी. के. सिंह ने आयोजित विषय पर प्रश्नोत्तरी से कार्यशाला को रुचिकर बना दिया। प्रश्नोत्तरी में प्रथम पार्थ यादव, द्वितीय भास्कर कुमार कर्ण और असहाब खान तृतीय स्थान पर रहे। जिन्हें यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई का टी शर्ट और कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आयोजन को सफल बनाने में साउथ ईस्टर्न सेन्ट्रल रेलवे रायपुर डिवीजन के सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर कोटेश्वर राव, टी. एन. तिवारी, रमेश, वालंटियर महेन्द्र कुमार वर्मा, सेक्रेटरी सुबोध देवांगन आदि उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# दीर्घ सेवा और उत्कृष्ट योगदान करने रिटायर्ड अधिकारियों का किया सम्मान



**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा जून में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर मे किया गया। समारोह सेफी चेयरमेन एवं आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वय तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष माइंस नितेश छत्री,

- उत्कृष्ट योगदान को सराहा

सचिव द्वय संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे। श्री बंछोर ने कहा कि कुमार बंछोर ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो उपलब्धियां हासिल किया गया है उन उपलब्धियां को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, संतोष सिंह, राकेश सिंह ठाकुर, निमेश कुमार गुप्ता, राधाकिशुन, पियूष सेन, विजय कुमार देशमुख, अमित कुमार सिन्हा निखिल पेठे, बीएस मान, दिवाकर सिरमौर, राजेन्द्र मंत्री एवं सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित थे।

### ये अधिकारी हुए सम्मानित

समारोह में महाप्रबंधक पूरना चंद्र बेग, सुधाकर नंदकर, रमेश कुमार अहिरवार, सुमीता डे, प्रशांत जोशी, डीजीएम सुभाष भाई पटेल, एजीएम डोमार सिंह साहू, बीजू जार्ज, प्रविन्द्र कुमार काम्बले, शांति स्वरूप मिश्रा, रजत कुमार बैनर्जी, भीमराव फूसे, एजीएम प्रशांत कुमार देशपांडे, सीनियर मैनेजर कुशांक निखाले, ताल सिंह वर्मा, अरविंद ताराचंद रामटेके, गोवर्धन लाल टंडन, असिस्टेंट मैनेजर राम आश्रय यादव का सम्मान किया गया। अधिकारियों तथा उनकी पत्नियों को ओए द्वारा पौधे एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## रथयात्रा महोत्सवः गुण्डिचा मंडप सेक्टर 10 और सेक्टर 6 में हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

# राम लीला का हुआ मंचन, भक्ति संगीत ने किया भाव विभोर पोड़ो पीठा का लगाया भोग और दर्शन करने पहुंच रहे भक्त

**भिलाई।** ट्विनसिटी में इन दिनों रथ यात्रा की धूम दिखाई दे रही है। जहां महाप्रभु जगन्नाथ अपने जेयेष्ठ भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर आराम करते हुए अपने पसंदीदा व्यंजन पोड़ो पीठा और पकवानों का स्वाद ले रहे है। वहीं महाप्रभु के दर्शन करने रविवार को सेक्टर 6 और सेक्टर 10 के गुंडिचा में भक्तों की काफी भीड़ लगी रही। इस दौरान दोनो जगह सांस्कृतिक आयोजन भी हुए। जगन्नाथ समिति, सेक्टर-4 के तत्वाधान में सेक्टर-10 में निर्मित भव्य गुण्डिचा मंडप में महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी का विशेष श्रृंगार करने के साथ ही प्रतिदिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ, भजन व संगीत संध्या कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित हो रहे हैं। भक्ति संगीत का आनंद उठा रहे हैं। श्री बालाजी मंदिर सेक्टर 5 के सदस्यों ने विष्णु सहस्त्रनाम का सस्वर पाठ किया।





### लगातार व्यवस्थाओं में लगे हैं सेवादार

आयोजन में जगन्नाथ समिति के पदाधिकारी त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, बसंत प्रधान, बीसी बिस्वाल, सुशांत सतपथी, प्रकाश दास, कालू बेहरा, निरंजन महाराणा, प्रकाश स्वांई, रवि स्वांई, कवि बिस्वाल, जगन्नाथ पटनायक, सुभाष पात्रो,राजू बेहेरा,सीमांचल बेहेरा,वी के होता, कैलाश पात्रो,एस दलाई सेवा दे रहे है।

### भक्ति संगीत और भजन में डूबे श्रद्धालु



रथयात्रा महोत्सव के दौरान सेक्टर 10 में आयोजित संगीत संध्या में सुर समर्पण ग्रुप के बेहतरीन भजन और भक्ति संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। ओड़िया भजन की भी प्रस्तुति हुई। प्रकाश देवांगन के नेतृत्व में ग्रुप के दिलीप साहू, विश्व बंधन नाथ, राहुल किशन, निकिता साहू, अंकिता साहू, माया अरुणकर, नीलम देवांगन, अजय सहित सभी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। संगीत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी व महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन त्रिनाथ साहू तथा रंजन महापात्र, मंच व्यवस्था वृंदावन स्वाईं ने किया। इस दौरान सभी गायकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मौसी गुंडिचा के हाथ से बने व्यंजनों का ले रहे आनंद

सेक्टर-6 ए मार्केट के गुंडिचा मंडप में महाप्रभु अपनी मौसी गुंडिचा के हाथ से बने व्यंजनों का आनंद ले रहे है। रविवार को सुबह 5 बजे भगवान का श्रृंगार कर महाप्रभु को जामा लागी वेश धारण कराया गया और विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलों से श्रृंगार किया गया। दोपहर को भोग में घी, पखाल, मीठा डाली, बेसर ,मिक्सपरिवा खट्टा, खीरी और काकरा का भोग लगाया गया। भक्तों ने भी इस भोग का आनंद लिया। शाम की आरती के बाद श्री सत्य सांई राम लीला मंडली बेलौदी द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला में रावण के अत्याचार के प्रसंग के बाद आज राम भगवान का जन्म का कैसे होगा दिखाया जाएगा। 4 जुलाई तक शाम 7 बजे महाप्रभु की विशेष आरती के बाद प्रसाद का वितरण होगा और रात्र 10 बजे विशेष प्रसाद पोड़ो पीठा का भी भोग लगाया जायेगा। इस आयोजन में पं. तुषांत महापात्रा, समिति के अध्यक्ष दिलीप महंती, महासचिव अरुण पंडा, शरद विशाल, गजेन्द्र पण्डा, रविन्द्र साहू, शशिभूषण माहंती, संजय साहू, सन्यास साहू, सुभाष साहू, जितेन्द्र भूइयां, राजीव भूइयां, हरि राउत, प्रभात त्रिपाठी, संतोष महाराणा, प्रशांत शयामल, नीलमणी नायक, रविंद्र मुनी सहित समिति के पदाधिकारी और भक्तजन उपस्थित थे।





## सिटी लाइव

# मिलेगा छांवः आम, कटहल, जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों का पौधारोपण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी कला और पर्यावरण के लिए कार्यरत संस्था आर्टकॉम के सदस्य लगातार सातवें वर्ष अपने अभियान हर आँगन एक पेड़ के तहत काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष अपने अभियान के तीसरे सप्ताह में आर्टकॉम द्वारा महावीर मेडिकल कालेज ऑफ नेचरोपैथी एवं यौगिक सांईस नगपुरा में कॉलेज के डायरेक्टर दवरा मिलकर 101 पौधों का रोपण किया। जिसमें आम, मूंगा, कटहल, जामुन के साथ विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण आर्टकॉम टीम एवं कालेज के शिक्षकों और छात्रों ने किया। पौधरोपण में कालेज के विद्यार्थियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और हर आंगन एक पेड़ और हर आंगन वाटर हार्वेस्टिंग का नारा बुलंद किया गया। कुछ जागरूक छात्राओं ने इस कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण से होने वाले फायदे के बारे में भी बताते हुए कहा कि पेड़ से हमे शुद्ध हवा एवं छाया मिलने के साथ साथ जल का स्तर भी भूमि पर बना रहता है। कार्यक्रम में आर्टकाम के संस्थापक निशु पांडेय ने सभी समाज के नेतृत्वकर्ता से आर्टकॉम के अभीयान हर आँगन एक पेड़, हर आँगन वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़ने के लिए अपील की। संस्था के सदस्य शारदा गुप्ता ने कहा कि हम सब अपने वाहनों को रखने के लिए छायादार वृक्ष खोजते हुए देखते जरूर है तो हमारी भी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने जीवन में कम से कम दो छायादार पेड़ हर वर्ष अवश्य लगाए और धरती माता के सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करे। रविवार को आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में कालेज के डायरेक्टर रमेश कुमार श्रीवास्तव, कुमुद श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक साहू, कृतिका राठौर, दीपिका देवांगन, करमजीत सिंह, अमिताभ भट्टाचार्य, संतोष जायसवाल, मेघा कौर, नीलकमल सोनी, श्रीनिवास मिश्रा, शिव शंकर यादव, भास्कर तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## शतरंज चैंपियनशिप 2025

# दुर्ग जिला शतरंज चैंपियनशिप में इशिका शिल्प, हिमानी व ईशान बने जिला चैंपियन





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ दुर्ग द्वारा विवेकानंद भवन दुर्ग में दो दिवसीय जिला सीनियर, महिला और सब-जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में जिले भर से 132 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 6 राउंड्स खेले गए। शानदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी जिला चैंपियन बने। शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 बालक वर्ग शिल्प कुमार घोड़ेसवार, अंडर-15 बालिका वर्ग इशिका मड़के, सीनियर पुरुष वर्ग ईशान सैनी, महिला वर्ग हिमानी देवांगन जिला चैंपियन बने। इस दौरान विशेष पुरस्कार 20 ग्राम शुद्ध चांदी का सिक्का अंडर-15 के शिल्प कुमार घोड़ेसवार एवं इशिका मड़के दोनों विजेता खिलाड़ियों को प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैलाश जैन बरमेचा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नई प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन हार से निराश हुए बिना आगे बढ़ना ही सच्चा खिलाड़ी बनाता है। विशेष अतिथि जितेन्द्र सिंह राजपूत ने भी सभी विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी। चयनित खिलाड़ी राज्य शतरंज चैंपियनशिप के लिए प्रत्येक वर्ग से शीर्ष चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में अंडर15 बालक वर्ग में शुभम सिंह, विराट अय्यर, आकांक्षित साहू , अंडर-15 बालिका वर्ग में काशवी जैन, परिधि लिलहरे, कोंडप्पा हर्षिता, सीनियर पुरुष वर्ग में ईशान सैनी, देवदत्त महानंद, बी. पूजन, प्रियांशु पाटले, महिला वर्ग हिमानी देवांगन, चरनजीत कौर, सुषमा बैरिया, इच्छा साहू शामिल है। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अलंकार भिवगड़े, डिप्टी चीफ आर्बिटर रॉकी देवांगन, सहायक आर्बिटर अनिल शर्मा, शेख लतीफ, सुरेश होता, विक्रम सिंह, चंदन विश्वकर्मा, संदीप पाटले थे। इस दौरान सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा, दिनेश जैन, गुलाब चौहान, ललित वर्मा, सुभाष पाल, कश्यप, भरत ताम्रकार, प्रेम खंडेलवाल सहित अनेक शतरंज प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन ने किया।

## बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत

# अहिवारा के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**नंदिनी अहिवारा।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शास इंग्लिश मिडियम स्कुल अहिवारा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरना मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाडा थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजा अर्चना किया गया। कक्षा पहली, छठवीं व नवमी के छात्रों को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर,पुस्तक, ड्रेस देकर सम्मानित किया गया। वही कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कक्षा पांचवीं में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रा कुं. वेदिका सिन्हा को पांच हजार रूपए नगद राशि देकर पुरस्कृत किया।

स्वागत भाषण संस्था के प्राचार्य उत्तम सिंह साहू ने दिया। स्कूल में 6 रुक्त पद शिक्षिकों की पूर्ति की मांग रखी। संचालन आईपी साहू, अश्विनी कुमार साहू ने किया। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि यह शुभ अवसर, शाला प्रवेशोत्सव, हम सभी के लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संकल्प है। संकल्प उस समाज का जिसमें हर बच्चा शिक्षित हो, सशक्त हो। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नंदलाल ताम्रकार, जितेन्द्र यादव, अनुज साहू, ईश्वर शर्मा , दाऊ आनंद ताम्रकार , रामजी निर्मलकर, अभिनव ताम्रकार, प्रेम सागर चतुर्वेदी, संस्था के प्राचार्य उत्तम सिंह साहू, एल.एस.मरकाम, पी.एल.साहू, जे.एल. जांगड़े, ऋषभ पांडे, अखिलेश शर्मा, ओ.पी.मानिकपुरी, संजय शर्मा,समेत अन्य मौजूद थे।

**विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे**

## भिलाई विद्यालय में पीटीए के नए पदाधिकारी हुए नियुक्त

# शैक्षिणिक गतिविधियों व स्कूल के विकास की दिशा में होगा कार्य, पीटीए का गठन, 12 सदस्यों की बनी समिति

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सेक्टर-2 स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित भिलाई विद्यालय में शनिवार को पालक शिक्षक समिति का गठन किया गया। शैक्षिणिक वर्ष 2025-26 के लिए कुल 12 सदस्यों को पीटीए में शामिल किया गया है। स्कूल में पढ़ने वालो सैकड़ों बच्चों के अभिभावकों व शिक्षकों की उपस्थिति में पीटीए गठन की प्रक्रिया पूरी हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसपी के अधिकारी सरोज कुमार झा उपस्थित रहे।



### नारायण सिंह राजपूत बने अध्यक्ष, के मोहन राव व भुवनेश्वरी देवांगन उपाध्यक्ष नियुक्त

भिलाई विद्यालय पीटीए के अध्यक्ष के रूप में नारायण सिंह राजपूत, के मोहन राव और भुवनेश्वरी देवांगन पीटीए के उपाध्यक्ष चुने गए। इसके साथ ही संतोष सिंह, साबिर अली, कविता बराक, सीमा भगत व प्रभाष चंद्रदास सदस्य नामित किए गए। भिलाई विद्यायल के प्राचार्य विजय सिंह पवार द्वारा समिति में शिक्षक देवेन्द्र कुमार साहू, पवन कुमार अग्रवाल, संगीता मिश्रा व एसके साहू को मनोनित सदस्य नियुक्त किया। वहीं पीटीए के सचिव प्राचार्य विजय सिंह पवार व कोषाध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षिका सरिता साख्या होंगी। सभी पदाधिकारियों का एक वर्ष का कार्यकाल होगा। गठित पीटीए स्कूल की शैक्षिणिक गतिविधियों व स्कूल के विकास की दिशा में कार्य करेगी। नए पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद सभी शाला विकास के लिए कार्य करने की बात कही।

### अपने अनुभव साझा किए

प्राचार्य पवार ने बताया कि भिलाई विद्यालय शहर का सबसे पुराना स्कूल हैं। संयंत्र की स्थापना के बाद 1958 में भिलाई विद्यालय की शुरुआत हुई। तब से अब तक पूरे 68 सालों में स्कूल से पढ़कर कई होनहार छात्र निकले। कार्यक्रम के दौरान सरोज कुमार झा ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वे पिछले 25 वर्षों से भिलाई विद्यालय के कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। उनकी शिक्षा भी भिलाई विद्यालय में ही हुई थी। कार्यक्रम का संचालक खोब्रागड़े सर ने किया। इस मौके पर स्कूल की सभी शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विद्यालय में 11वीं और 12वीं के कला संकाय में ले सकते हैं एडमिशन

**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 11 में वाणिज्य तथा कला संकाय में प्रवेश के लिए कुछ रिक्तियां उपलब्ध हैं अभ्यर्थी 2025 में कक्षा 10 उत्तीर्ण होना चाहिए तथा उनका प्रवेश केंद्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश निर्देशिका 2025 के प्रवेश प्राविधानों के अनुसार किए जाएंगे। कक्षा 12 में भी विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय में प्रवेश के लिए रिक्तियां उपलब्ध हैं जिसमे केवल सेवा वरीयता श्रेणी एक केंद्रीय कर्मचारी और सेवा वरीयता श्रेणी दो केन्द्र सरकार के स्वायत्त उपक्रम के कर्मचारियों के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश, केंद्रीय विद्यालय संगठन प्रवेश निर्देशिका 2025 के प्राविधानों अनुसार होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 1 जुलाई से 8 जुलाई 2025 तक कार्यालयीन दिवसों में आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन प्रवेश निर्देशिका 2025 विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### थाई बॉक्सिंग में छत्तीसगढ़ ने 6 स्वर्ण सहित जीते कुल 14 पदक



रायपुर। एसजीएफआई से मान्यता प्राप्त रही संस्था थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन के तत्वावधान में थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ तेलंगाना द्वारा 11वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप एवं प्रो नाईट फाइट का आयोजन एफ 3 मार्शल आर्ट्स क्लब, खैरताबाद, हैदराबाद (तेलंगाना) में 25 से 27 जून 2025 तक किया गया।

प्रतियोगिता का उदघाटन एसीपी डीवी प्रदीप कुमार रेड्डी ने किया और समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसपी हैदराबाद आर संजय कुमार थे। पुरुस्कार वितरण टीआईएफ के अध्यक्ष डॉ कुलदीप सुमनाक्षर, सचिव रविंदर सिंह और आयोजक मो फ़रीदउद्दीन (अध्यक्ष टीएटी) ने किया। इस चैंपियनशिप में 08 राज्यों के लगभग 150 खिलाड़ी/अधिकारी भाग लिए थे। जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक अपने नाम किये। जिसमे 06 स्वर्ण, 07 रजत पदक और 01 काँस्य पदक शामिल है।



प्रतियोगिता में महाराष्ट्र टीम 98 अंक लेकर प्रथम स्थान पर, 52 अंक लेकर छत्तीसगढ़ टीम द्वितीय स्थान पर और 45 अंक लेकर तेलंगाना तृतीय स्थान पर रही जिसके लिए उन्हें क्रमशः चैम्पियन ट्रॉफी, फर्स्ट & सेकण्ड रनर अप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। दंतेवाड़ा के पदक विजेता खिलाड़ी में नूपुर ठाकुर-स्वर्ण पदक,छाया नाग-स्वर्ण पदक,नेहल ठाकुर-रजत पदक, काँकेर से पदक विजेता खिलाड़ी आदित्य जंघेल-स्वर्ण पदक (प्रो फाइट टाइटल बेल्ट विजेता),युवराज चंद-स्वर्ण पदक, आदित्य सिंह निवरे -रजत पदक, रायपुर से पदक विजेता खिलाड़ी प्रियंका साहू - स्वर्ण पदक,मानसी तांडी-रजत पदक, दीपाली बघेल-रजत पदक,बालोद के पदक विजेता खिलाड़ी गोपाल यादव-स्वर्ण पदक, भमण कुमार सिन्हा-रजत पदक, चन्द्रकान्त साहू - रजत पदक,रागिनी साहू-रजत पदक, पूजा-काँस्य पदक शामिल हैं। छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन का खेलों में समर्पण के लिए विशेष सम्मान किया गया। दंतेवाड़ा की टिकेश्वरी साहू और काँकेर के विशाल कुमार शर्मा का सम्मान प्रतियोगिता सम्पन्न करवाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए किया गया। एशियन रेफ़री और खेल एवँ युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा की कोच टिकेश्वरी साहू को मोमेन्टो के साथ साथ बेस्ट रेफ़री की विशेष ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ टीम कोच पूनम साहू (रायपुर) तथा टीम मैनेजर श्रीमती नजमा परवीन कुरैशी (काँकेर) को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। हैदराबाद से लौटने के बाद रायपुर, काँकेर, बालोद, दंतेवाड़ा में खिलाड़ियों / अधिकारियों का शानदार स्वागत सम्मान किया गया।

### अंडर-19 में चांद ने बनाए शानदार नॉट आउट 103 रन



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आ यो जि त अंडर-19 एक दि व सी य चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत रविवार का मैच प्रभावित हुआ।बारिश के चलते मैदान गीला होने के कारण 50- 50 ओवरों की जगह 20-20 ओवरों का मैच खेला जा रहा है । बी ए स पी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम वेस्ट जोन के विरुद्ध बल्ले बाजी करते हुए साउथ जोनने 20 ओवर में दो विकेट पर 141 रन बनाए। जिसमें चांद चेलक ने नॉट आउट 103 रन, सिदीक्षा तिवारी नॉट आउट 12 रन और निधि मंडावी ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की दीपिका भगत ने एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट रहा। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने एक ओवर में बिना कोई विकेट खोए 5 रन बनाए। जिसमें स्वीटी तिर्की ने नॉट आउट 3 रन, अंशिका राज आर्यन 0 पर नॉट आउट रही। गेंदबाजी में साउथ जोन की शिविका अग्रवाल ने एक ओवर में पांच रन दिए। यह मैच कल भी खेला जाएगा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में मैदान बहुत अधिक गीला होने के कारण वहां मैच नहीं खेला जा सका।

सुबह आंख खुलते ही दिखें ऐसे लक्षण, तो समझ जाएं थायराइड दस्तक दे चुका

# थायराइड का असर हो तो दिख जाते हैं इसके लक्षण, जान लीजिए आप भी तो नहीं हैं चपेट में

थायराइड एक आम समस्या है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जाए, तो दिक्कत हो जाती है। अगर आपको सुबह उठते ही कुछ लक्षण लिखाई दे तो आपको डॉक्टर के पास तुरंत जाना चाहिए। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में थायराइड की समस्या एकदम आम हो गई है। किसी को भी थायराइड अपनी चपेट में ले सकता है। सबसे पहले जानते हैं कि थायराइड क्या है?थायराइड एक तितली के आकार की ग्रंथि होती है, जो हमारे गले के सामने वाले हिस्से में मौजूद होती है। यह ग्रंथि टी 3 और टी 4 नामक हार्मोन बनती है, जो शरीर के कई कार्यों के लिए जरूरी है। यह मेटाबॉलिज्म, एनर्जी, वजन, मूड यहां तक की स्किन और बालों की सेहत के लिए जरूरी है। थायराइड दो तरह का होता है। एक जिसमें हार्मोन कम बनने लगता है और दूसरा जिसमें हार्मोन जरूरत से ज्यादा बनने लगता है। अधिकतर लोगों को कम हार्मोन बनने वाली ही शिकायत होती है। कई बार थायराइड बढ़ जाता है और इसकी जानकारी हमें बाद में होती है ऐसे में आपको कुछ ऐसे लक्षण के बारे में जानना चाहिए जो सुबह उठने पर दिखाई देते हैं।



### सुबह आंख खुलते ही दिखते हैं ये लक्षण

रात भर सोने के बाद जब आप सुबह उठती हैं और आपको थकान महसूस होती है, तो समझ जाइए की थायराइड आपके घेर रहा है। बता दें कि थायराइड ग्रंथि शरीर के मेटाबॉलिज्म बनाने की प्रक्रिया को नियंत्रित करती है और जब यह ग्रंथि ठीक से काम नहीं करती है तो शरीर में बदलाव आने लगते हैं। इसकी कमी से सुस्ती महसूस होती है।



जब शरीर में इस हार्मोन की कमी होने लगती है, तो शरीर में फ्लुएड रिटेंशन होने लगता है। जिस वजह से सुबह के वक्त आपका चेहरा सूजा हुआ लगता है और आंखें भरी लगती है। अगर आप खुद में यह बदलाव नोटिस कर रही हैं, तो आपको डॉक्टर से मिलना चाहिए।

बता दे की थायराइड हार्मोन की कमी शरीर के हर सेल को प्रभावित करती है। चाहे वह मांसपेशियां, जोड़ हो या तंत्रिका तंत्र। थायराइड हार्मोन की कमी से मांसपेशियों में ऊर्जा की सप्लाई घट जाती है। इससे मांसपेशियों में अकड़न और दर्द महसूस होता है। कई बार उंगलियों के जोड़ों में अकड़न और दर्द भी होता है। अगर सुबह उठते ही आपको लगता है कि दिल की धड़कन काफी ज्यादा तेज है तो यह थायराइड हार्मोन के बहुत ज्यादा स्तर का संकेत हो सकता है। इसे पैल्पिटेशन कहा जाता है। ऐसा हाइपरथायरायडिज्म में होता है।

### पुरुषों में थायराइड के लक्षण हो सकते हैं बेवजह चिढ़ना और पैरों में दर्द



पुरुषों में थायराइड के प्रमुख लक्षणः पुरुषों में अगर मोटापा है तो उन्हें अपना थायराइड टेस्ट करवाना चाहिए। क्योंकि ये थायराइड के प्रमुख लक्षणों में से एक है जो कि मेटाबोलिज्म ठीक रखने वाले थायराइड हार्मोन्स की गड़बड़ियों के कारण हो सकता है।

### बेवजह चिढ़ना और मूड स्विंग्स

हाइपोथायरायडिज्म जिसमें कि थायराइड हार्मोन का प्रोडक्शन कम होता है। इस स्थिति में पुरुषों में महिलाओं के जैसे मूड स्विंग्स होने लगते हैं। ऐसे में पुरुष कभी बेवजह चिढ़ने लगते हैं तो कभी तुरंत गुस्सा हो जाते हैं। दरअसल,ये सब टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का लेवल कम होने की वजह से होता है और इसलिए ये पुरुषों में एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसे समस्याओं का कारण भी बन सकता है।

### पैरों में दर्द रहना

पैरों में दर्द को अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि ये कुछ गंभीर स्थितियों का लक्षण हो सकता है। दरअसल, जब थायराइड ग्रंथि शरीर में जरूरत से ज्यादा थायराइड हार्मोन का उत्पादन करने लगती है तो ये मांसपेशियां को कमजोर करती है और मसल्स के खिंचाव पैदा करती है। इससे पैरों में जलन और दर्द की समस्या होती है।

### गंजापन

गंभीर और लंबे समय तक हाइपोथायरायडिज्म और हाइपरथायरायडिज्म बालों के झड़ने का कारण बन सकता है। दरअसल, टेस्टोस्टेरोन हार्मोन से जुड़ी गड़बड़ियां पुरुषों में गंजेपन की समस्या को बढ़ाता है। तो, अगर आपके बाल तेजी से झड़ रहे हैं तो आपको चेक करवाना चाहिए कि कहीं आपको थायराइड तो नहीं।



## नृत्य और संगीत को बनाइए अपनी दिनचर्या का हिस्सा, रहेंगे सेहतमंद

योग हो या नृत्य, ये आपके शरीर को लचीला बनाते हैं, जिससे मोटापा घटता है और स्टैमिना बढ़ता है। योग और संगीत आपके फेफड़ों तथा हृदय की सेहत में सुधार करते हैं एवं शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। योग में शास्त्रीय नृत्य की भी बहुत-सी मुद्राएं हैं और भारतीय नृत्य की हर शैली में योग की क्रियाएं। इसीलिए डांस एक्सरसाइज का काम भी करता है और योग आपके मन को सुकून पहुंचाता है। स्वस्थ जीवनशैली के लिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि योग और संगीत को हम अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाएं।

मशहूर शास्त्रीय नृत्यांगना मोलिना सिंह को बचपन से योग के आसन, क्रियाएं और मुद्राएं बहुत पसंद थीं। उन्होंने जब दिल्ली के कथक केंद्र में दाखिला लिया तो वहां पहले उन्हें 'निष्पंद भाव' में बैठने को कहा गया। इसमें पैरों को फैलाकर, दीवार का सहारा लेकर, हाथों को जांघों पर रखकर निष्क्रिय रूप से किसी ध्वनि को सुनते हुए बैठना था। इस अवस्था से जब वह बाहर आईं तो पूरी तरह तरोताजा और नृत्य के लिए तैयार थीं।



प्रसिद्ध योग चिकित्सक और नृत्यांगना गीति शिराजी महाजन ने 15 साल तक भरतनाट्यम सीखने के बाद जब पहली बार अमेरिका में हठ योग की कक्षा में प्रवेश लिया तो उन्हें ऐसा लगा, मानो योग आसनों को तो वह हमेशा से करती रही हैं। वास्तव में, यह भरतनाट्यम की मुद्राओं की वजह से था। तब उनके मन में योग के बारे में अधिक जानने की जिज्ञासा पैदा हुई, जिसने उन्हें योग चिकित्सक बनने के लिए प्रेरित किया। वास्वत में, योग और नृत्य में गहरा अंतर्संबंध है। दोनों की उत्पत्ति महादेव ने की है। 'आदियोगी' भी शिव हैं और नृत्य के राजा नटराज भी। वे लास्य (सृष्टि करने वाला कोमल नृत्य) और तांडव (विनाश करने वाला ऊर्जावान नृत्य) दोनों करते हैं। लास्य और तांडव को स्त्री और पुरुष ऊर्जा के रूप में समझा जाता है, जिसकी तुलना हठ योग में सूर्य (ह) और चंद्रमा (ठ) ऊर्जा से की जा सकती है। इसीलिए दोनों का लक्ष्य शारीरिक उत्थान के माध्यम से सर्वोच्च चेतना के साथ मिलन है। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत के शास्त्रीय नृत्यों की जड़ें योग में हैं।

### दिमागी कसरत अधिक, शारीरिक श्रम न के बराबर

आज के समय में दिन में आठ-नौ घंटे कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करने से दिमागी कसरत तो होती है, लेकिन शारीरिक श्रम न के बराबर होता है। पहले दफ्तर तक जाने के लिए साइकिल का इस्तेमाल शरीर से कुछ मेहनत करा लिया करता था, लेकिन अब आरामदायक गाड़ियों ने उसे भी छीन लिया है। घरों में भी अब चक्की से गेहूं नहीं पीसा जाता। चटनी पीसनी हो तो मिक्सर, जूस बनाना हो तो जूसर, मसाले कूटने हों तो ग्राइंडर और कपड़े धोने हों तो वॉशिंग मशीन, यानी हर तरह से शारीरिक मेहनत कम से कम होती जा रही है। ऐसे में कामकाजी महिला-पुरुष हों या गृहिणियां, सभी का वजन बढ़ने लगता है और मोटापा अपने साथ कई बीमारियां लेकर आता है, जैसे कि शुगर, ब्लड प्रेशर आदि। वजन उनका मानसिक तनाव बढ़ा देता है। और चिड़चिड़ेपन तथा लड़ने-झगड़ने का असर परिवार एवं बच्चों पर पड़ता है।



## नाखून है आपकी सेहत का आईना, रंग और बनावट बताते हैं शरीर का पूरा हाल

नाखून सिर्फ हमारे शरीर के सुंदरता का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि ये हमारे स्वास्थ्य का आईना भी हैं। नाखूनों का रंग, बनावट, और आकार कई बार शरीर में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की ओर इशारा करते हैं। सामान्य से हटकर नाखूनों में दिखने वाले मामूली बदलाव भी कभी-कभी किसी गंभीर बीमारी का शुरुआती संकेत हो सकते हैं, जिन पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो बात बिगड़ सकती है। ये संकेत हमें अपनी सेहत पर गंभीरता से ध्यान देने के लिए प्रेरित करते हैं। आइए इस लेख में हम नाखूनों के रंग और बनावट से जुड़े ऐसे ही चार प्रमुख स्वास्थ्य संकेतों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### पीले नाखून और संभावित समस्याएं

नाखूनों का पीला पड़ना एक आम लक्षण है, जो कई कारणों से हो सकता है। यह फंगल इंफेक्शन, नाखून पॉलिश का अत्यधिक उपयोग, या धूम्रपान के कारण हो सकता है। हालांकि, अगर पीलेपन के साथ नाखून मोटे, भुरभुरे, या कमजोर हो रहे हैं, तो यह फेफड़ों की बीमारी, थायराइड की समस्या जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सक से परामर्श करना जरूरी है।

### सफेद धब्बे और पोषण की कमी

नाखूनों पर छोटे-छोटे सफेद धब्बे अक्सर सामान्य माने जाते हैं, ये धब्बे कई कारण से हो सकते हैं। आमतौर पर ये धब्बे चोट लगने या दब जाने की वजह से होते हैं। लेकिन अगर ये धब्बे बार-बार या अधिक मात्रा में दिखें, तो यह जिंक, कैल्शियम, या प्रोटीन की कमी का संकेत हो सकता



है। यह लिवर की समस्याओं, जैसे सिरोसिस, या किडनी से संबंधित रोगों की ओर भी संकेत हो सकता है। संतुलित आहार लें और अगर लक्षण बने रहें, तो डॉक्टर से जांच करवाएं।

### नाखूनों का भुरभुरापन

अगर नाखून आसानी से टूट रहे हैं, भुरभुरे हैं, या उनकी सतह असमान है, तो यह थायराइड की समस्या का संकेत हो सकता है। थायराइड हार्मोन का असंतुलन नाखूनों को कमजोर और रूखा बना सकता है। इसके साथ थकान, वजन बढ़ना, या त्वचा का रूखापन जैसे लक्षण भी दिख सकते हैं। अगर ये सभी लक्षण दिखते हैं तो, ऐसी स्थिति में थायराइड फंक्शन टेस्ट करवाना जरूरी है। इसके अलावा, बायोटिन और ओमेगा-3 युक्त आहार नाखूनों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है।

### नीले या बैंगनी नाखून और ऑक्सीजन की कमी

नाखूनों का नीला या बैंगनी रंग शरीर में ऑक्सीजन की कमी या रक्त संचार की समस्या का संकेत हो सकता है। यह फेफड़ों की बीमारी और हृदय रोग जैसी स्थिति के कारण हो सकता है। अगर नाखून का रंग बार-बार बदल रहा है और इसके साथ सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

## रसोई में इन चीजों को नहीं रखना चाहिए उल्टा, पड़ता है बुरा प्रभाव

रसोई घर में रखे जाने वाली वस्तुओं की दिशा और दशा का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ चीजों को उल्टा रखना घर के वातावरण में असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। आइए जानते हैं कि रसोई में किन बातों का ध्यान रखना जरूरी माना जाता है।



### कढ़ाई को उल्टा न रखें

वास्तु शास्त्र में कढ़ाई को राहु ग्रह का प्रतीक माना गया है। मान्यता है कि रसोई में कढ़ाई को उल्टा करके रखने से घर में अशांति, तनाव और आर्थिक परेशानी बढ़ सकती है। इसलिए कढ़ाई को हमेशा सीधा और सही दिशा में रखें।

### धारदार वस्तुएं उलटी न रखें

किचन में इस्तेमाल होने वाले चाकू, कांटे या किसी भी तरह की धारदार वस्तुओं को उलटा रख देना भी वास्तु दोष उत्पन्न कर सकता है। इससे घर के सदस्यों के बीच झगड़े, तनाव और अनबन की संभावना

### गैस स्टोव की दिशा का रखें ध्यान

वास्तु शास्त्र के अनुसार रसोई में खाना पकाने के लिए सबसे शुभ दिशा अग्निकोण यानी दक्षिण-पूर्व मानी गई है। इसलिए गैस चूल्हा या स्टोव इसी दिशा में होना चाहिए। यदि यह उत्तर या पश्चिम दिशा में रखा जाए, तो इससे परिवार के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### ये भी बन सकता है वास्तु दोष का कारण

रसोई में बैठकर भोजन करने से बचें, क्योंकि यह मां लक्ष्मी को अप्रसन्न कर सकता है।बाथरूम का दरवाजा रसोई के ठीक सामने नहीं होना चाहिए, अन्यथा घर में वास्तु दोष उत्पन्न होता है।

कार्नर न्यूज

सिर्फ थकान ही नहीं है जम्हाई की वजह

# क्या आपको भी काम के दौरान बार-बार जम्हाई आती है तो नींद की कमी के अलावा भी हो सकते हैं दूसरे कारण

अक्सर कुछ लोगों को बहुत ज्यादा जम्हाई आती है। आमतौर पर इसके पीछे नींद की कमी होना बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन इसके अलावा भी कुछ कारण हो सकते हैं। आइए,ऐसे ही चार बड़े कारणों के बारे में विस्तार से जानते हैं। जम्हाई लेना एक ऐसी सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, जिसे हम सभी अनुभव करते हैं। अक्सर हम इसे तुरंत नींद आने या अत्यधिक थकान से जोड़कर देखते हैं, और मान लेते हैं कि बस थोड़ी देर आराम करने से यह ठीक हो जाएगी। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि बार-बार जम्हाई आने के पीछे नींद की कमी के अलावा कई अन्य छिपे हुए कारण भी हो सकते हैं? यह केवल आपकी सुस्ती का संकेत नहीं है, बल्कि कभी-कभी यह शरीर के अंदर स्वास्थ्य समस्याओं की ओर भी इशारा कर सकता है, जिन पर ध्यान देना जरूरी है। इसलिए, अगर आपको लगता है कि आप सामान्य से ज्यादा जम्हाई ले रहे हैं और पर्याप्त नींद लेने के बाद भी बार-बार जम्हाई आ रही है, तो इसे नजरअंदाज न करें। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि बार-बार जम्हाई आने के पीछे क्या क्या कारण हो सकते हैं।

### मस्तिष्क को ऑक्सीजन की कमी



जम्हाई का एक प्रमुख कारण मस्तिष्क तक पर्याप्त ऑक्सीजन न पहुंचना है। जब शरीर में ऑक्सीजन का स्तर कम होता है या कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है, तो मस्तिष्क जम्हाई के माध्यम से तापमान और ऑक्सीजन की मात्रा को नियंत्रित करता है। यह स्थिति गर्म और उमस भरे वातावरण में, या लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने से हो सकती है। गहरी सांस लेना, ताजी हवा में टहलना, और हवादार जगह पर रहना इस समस्या को कम कर सकता है।

### शारीरिक और मानसिक तनाव

तनाव और चिंता भी बार-बार जम्हाई का कारण बन सकते हैं। जब हम तनावग्रस्त होते हैं, तो हमारी सांस लेने की प्रक्रिया अनियमित हो जाती है, जिससे मस्तिष्क को ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित होती है। इसके अलावा, तनाव के कारण शरीर का तापमान बढ़ सकता है, जिसे नियंत्रित करने के लिए मस्तिष्क जम्हाई को ट्रिगर करता है। ऐसे में तनाव कम करने के लिए योग, ध्यान, और गहरी सांस लेने की तकनीकें की मदद ले सकते हैं।


### दवाओं का दुष्प्रभाव

कुछ दवाएं, जैसे एंटी-डिप्रेसेंट्स, एंटीहिस्टामाइन, या दर्द निवारक दवाएं, बार-बार जम्हाई का कारण बन सकती हैं। ये दवाएं मस्तिष्क के रसायनों को प्रभावित करती हैं, जिससे नींद या सुस्ती जैसा अनुभव हो सकता है। यदि आपको लगता है कि दवाओं के कारण जम्हाई बढ़ रही है, तो अपने डॉक्टर से परामर्श करें। वे दवा की खुराक को समायोजित कर सकते हैं या वैकल्पिक उपचार सुझा सकते हैं।

### स्वास्थ्य समस्याएं

बार-बार जम्हाई कुछ गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत भी हो सकती है, जैसे स्लीप एपनिया, नार्कोलेप्सी, या थायराइड की समस्या। स्लीप एपनिया में अत्यधिक नींद आती है और रात में सोते समय कई तरह की दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है, जिससे नींद पूरी नहीं हो पाती है और अगले दिन काफी थका हुआ महसूस कर सकते हैं, जिसके कारण दिन में बार-बार जम्हाई आ सकती है।

नार्कोलेप्सी भी नींद से जुड़ी एक समस्या है। इसमें व्यक्ति कभी भी और कहीं भी अचानक सो सकता है। इस बीमारी में मरीज को दिनभर में कई बार नींद आती है, जिससे उसे ज्यादा उबासी आती रहती है। यदि जम्हाई के साथ थकान, सिरदर्द, या सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्पाइडर मैन बनकर रह गए टोबी आगे फिल्मों में नहीं मिला काम

कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो किसी कलाकार की पहचान बन जाते हैं। लोग उसे उसके असली नाम से नहीं बल्कि उसके कैरेक्टर के नाम से ही पहचानते हैं। ऐसा ही एक किरदार है 'स्पाईडर मैन'का। जो पूरे विश्व में फेमस है और बच्चा-बच्चा इस किरदार को जानता है। इस कैरेक्टर को निभाया है अभिनेता टोबी मैग्वायर ने। टोबी ने स्पाइडर मैन का किरदार 26-27 साल की उम्र में निभाया था। ये फिल्म और किरदार घर-घर में काफी मशहूर हुए। टोबी का बचपन मुफलिसी में ही बीता है। बाद में इतने मशहूर एक्टर बने टोबी बचपन में एक्टर नहीं बल्कि शेफ बनना चाहते थे। इसके लिए वो छठी क्लास में होम साइंस में एडमिशन भी लेना चाहते थे। लेकिन उनकी मां ने उन्हें 100 डॉलर दिए और कहा कि अगर पैसा चाहिए तो ड्रामा क्लास जॉइन करनी पड़ेगी। टोबी मान गए और रोजाना ड्रामा क्लास लेने लगे। टोबी ने अपने करियर की शुरुआत एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर की। टोबी सबसे पहले 'द विजार्ड' में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट नजर आए थे। उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काफी काम किया। इसके बाद उन्होंने सेकेंड लीड के तौर पर भी काफी काम किया। साल 2000 तक टोबी ने काफी सारे ऐड्स और छोटे-मोटे शो और फिल्मों में काम कर लिया था। 1992 में उन्हें फॉक्स टीवी सीरीज 'ग्रेट स्कॉट' में मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था। लेकिन इसे प्रीमियर के नौ सप्ताह बाद कैंसिल कर दिया गया था। टोबी मैग्वायर और 'टाइटैनिक' फेम एक्टर लियोनार्डो डीकैप्रियो काफी अच्छे दोस्त हैं।



### टॉलीवुड

## 'कल्कि' की रिलीज का एक साल पूरे होने का मनाया जश्न, अमिताभ ने भी दी टिप्पणी

साउथ स्टार प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज को आज एक साल हो गए हैं। इस बात का जश्न मनाते हुए निर्माताओं ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। नाग अश्विन द्वारा सह-लिखा और निर्देशित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज को आज एक साल हो गया है। निर्माताओं ने इस बात का जश्न मनाते हुए एक खास सोशल मीडिया पोस्ट किया है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कैप्शन में लिखा, हमने एक सपने के साथ शुरुआत की थी और आपने इसे एक महाकाव्य में बदल दिया। 'कल्कि' के 1 साल का जश्न मनाते हुए। दर्शकों को धन्यवाद। यह यात्रा जितनी हमारी है, उतनी ही आपकी भी है। निर्माताओं के अलावा प्राइम वीडियो ने भी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया और कैप्शन में लिखा, 'वह साल 2024 था, जब हमने कल्कि 2898 एडी के प्रलय-पश्चात की 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून, 2024 में रिलीज हुई थी। यह एक भारतीय तेलुगु भाषा की महाकाव्य पौराणिक विज्ञान-काल्पनिक फिल्म है। इस फिल्म को नाग अश्विन ने सह-लिखा और निर्देशित किया है। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित, इसमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी ने अहम भूमिका निभाई है। हिंदू धर्मग्रंथों से प्रेरित यह फिल्म नियोजित 'कल्कि' सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली किस्त है। अब इस फिल्म का दूसरा भाग भी आएगा, जिसका प्रशंसकस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने भी 'कल्कि 2898 एडी' के एक साल पूरे होने पर एक खास पोस्ट एक्स हैंडल पर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इसका एक हिस्सा बनने के लिए कहा जाना मेरे लिए सम्मान की बात है।



### भोजपुरी

## एआर एंड एस प्रोडक्शन की फिल्म 'जिंदगी में माँ सब कुछ' की शूटिंग जौनपुर में शुरू

ए.आर. एंड एस प्रोडक्शन हाउस बैनर के तले बनाई जा रही भोजपुरी फिल्म 'जिंदगी में माँ सब कुछ' की शूटिंग उत्तर प्रदेश के जिला जौनपुर में जोर शोर से चल रही है। फ़िल्मि निर्माता संजय सिंह सोलंकी द्वारा बिग लेबल बन रही इस फ़िल्मि के हीरो जीतेन्द्र सिंह और हीरोइन सीमा गुप्ता सहित जेपी सिंह, संजय वर्मा, अभय राय, इंद्रसेन यादव, रवि यादव, बबलू यादव, सरस्वती जी, अनुराधा जी, पूनम सहित सभी कलाकार उम्दा अभिनय का जौहर दिखा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन जाने माने फ़िल्मि निर्देशक नरेंद्र सिंह (मुन्ना सिंह) कर रहे हैं। फिल्म के संगीतकार दिवाकर मिश्रा और डीओपी प्रदीप शर्मा हैं। गौरतलब है कि माँ की ममता पर आधारित फिल्म 'जिंदगी में माँ सब कुछ' की शूटिंग विधिवत पूजा अर्चना करके उत्तर प्रदेश के जिला जौनपुर में शुरू की गई है। फ़िल्मि निर्माता संजय सिंह सोलंकी हर एक सीन का पिक्चराइजेशन एकदम रीयल के जैसा ही करवा रहे हैं। यह फिल्म जब रिलीज होगी तो इस फिल्म को देखकर गांव से शहर में बसे हुए लोगों को बरबस ही अपने अपने गांव की याद जरूर आएगी। ये फ़िल्मि पारिवारिक व सामाजिक संदेश लोगों तक पहुंचाने का काम करेगी। उल्लेखनीय है कि शूटिंग के सेट पर फ़िल्मि के निर्माता संजय सिंह सोलंकी ने कहा कि 'हमारी फ़िल्मि की शूटिंग शुरू हो गई है।



क्रांति का फैशन

लाइफ स्टाइल




हमारे दैनिक जीवन की राजनीति में कपड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। फ्रांसीसी क्रांति के दौरान पोशाक की शैलियाँ निष्ठाओं को व्यक्त करने का एक स्पष्ट तरीका बन गईं थी। क्रांति के दौर की वही फ्रांसिसी पोशाक फिर एक बार फैशन के तौर पर नमूदार हुई है। हालांकि इस राजसी पोशाक ने कोई ट्रेंड सेट नहीं किया फिर भी लोग इसे पसंद कर रहे हैं।

## घर पर करें गुलाब फेशियल, पाएं ग्लोइंग स्किन

अखबार और टीवी में रोजाना नई क्रीम, फेस पैक और कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन दिखते हैं। इन्हें देखकर हमें भी बेदाग और दमकती त्वचा पाने की चाह होती है। पर क्या सच में ये केमिकल वाले प्रोडक्ट्स इतने असरदार होते हैं कि लगाते ही चेहरे पर चमक आ जाए? नहीं, यह सिर्फ एक गलतफहमी है। अगर कुछ प्रोडक्ट्स से थोड़ी देर के लिए चमक आती भी है, तो वे केमिकल से भरे होते हैं। इनसे आपको कुछ वक्त के लिए चमक तो मिल जाती है, लेकिन इनके साइड इफेक्ट्स भी कम नहीं होते। वहीं यह आपके महीने का बजट को भी हिला कर रख देता है। ऐसे में, अगर आपको चेहरे पर प्राकृतिक चमक चाहिए, तो आप गुलाब के फूल से आसानी से फेशियल कर सकती हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉ. भारती तनेजा बताती हैं, ₹ प्रकृति ने हमें ऐसी कई चीजें दी हैं, जो चेहरे पर नेचुरल ग्लो ला सकती हैं। इनमें से गुलाब बहुत ही लाभदायक है। आप केवल 2 से 3 गुलाब के फूलों से घर पर ही पूरा फेशियल कर सकती हैं। यह फेशियल 7 आसान स्टेप्स में किया जा सकता है। यह आपकी त्वचा को बिना किसी केमिकल के नुकसान पहुंचाए प्राकृतिक रूप से चमकदार बनाएगा। तो अब केमिकल वाले प्रोडक्ट्स पर पैसा खर्च करने की बजाय, गुलाब की मदद से अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाएं।

### चेहरे को क्लीन करें

फेशियल की प्रक्रिया का सबसे पहला स्टेप है चेहरे को गुलाब जल से साफ करें। यह गुलाब जल आप बाजार से भी खरीद सकती हैं और चाहें तो घर पर भी बना सकती हैं। इसे बनाने की प्रक्रिया बहुत ही इसके लिए सामग्री 2 मुट्ठी गुलाब की पंखुड़ियां,1 गिलास पानी,1 बड़ा



चम्मच नींबू का रस,1 छोटा चम्मच ऑलिव ऑयल चाहिए।

### विधि

वैसे तो आप 2 दिन तक गुलाब के फूल को पानी में डिप करके रखें और छान कर उसे एक स्प्रे बॉटल में डाल लें। इसे आप डायरेक्ट मुंह में लगा सकती हैं। मगर हम आपको एक स्पेशल गुलाब जल के बारे में बता रहे हैं, जो आपके लिए एक बहुत अच्छे टोनर का काम करेगा। इसके लिए आपको एक गिलसा पानी में 2 दिन तक गुलाब की पंखुड़ियों को डिप करके रखें और फिर उसके पानी को छान लें और फिर उसमें अन्य सामग्रियां मिलाएं। अब आप नींबू का रस, ऑलिव ऑयल आदि भी इस मिश्रण में डालें। फिर आप इसे टोनर की तरह इस्तेमाल करें और चेहरे को साफ करें। चेहरे को स्क्रब करने से डेड स्किन रिमूव होती है। इससे चेहरे का कालापन और खुरदुरापन भी कम होता है। आप गुलाब के फूल से घर पर ही बहुत अच्छा स्क्रब तैयार कर सकती हैं।

## गोटा पट्टी ब्लाउज के डिजाइंस आपकी सिंपल साड़ी को देंगी डिजाइनर लुक







गोटा पट्टी का काम पारंपरिक परिधानों में एक खास चमक और खूबसूरती जोड़ता है और यही वजह है कि महिलाओं के बीच गोटा वर्क वाले आउटफिट्स की जबरदस्त डिमांड रहती है। बाजार में आपको गोटा पट्टी वर्क वाली साड़ियों की भरपूर वेराइटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन अब केवल साड़ियों तक ही यह वर्क सीमित नहीं है। गोटा पट्टी ब्लाउज भी खूब ट्रेंड में हैं। ये ब्लाउज इतने आकर्षक और मनभावन होते हैं कि एक नजर में ही उन्हें खरीदने का मन करता है। हालांकि, गोटा वर्क ब्लाउज को किस तरह की साड़ी के साथ पहनना चाहिए, यह समझना बेहद जरूरी है। क्योंकि कई बार महिलाएं इन सुंदर ब्लाउज को खरीद तो लेती हैं, लेकिन उन्हें गलत साड़ी के साथ पहनकर अपना पूरा लुक बिगाड़ बैठती हैं। सही साड़ी के साथ मैच न करने पर ना तो ब्लाउज की खूबसूरती उभरकर आती है और ना ही पहनने वाली का लुक खास बन पाता है। इसलिए जरूरी है कि गोटा पट्टी वाले ब्लाउज को जॉर्जेट, शिफॉन, सिल्क या नेट वाली साड़ी के साथ पहना जाए। आज हम न केवल आपको गोटा वर्क ब्लाउज के बेहतरीन डिजाइनों से रूबरू कराएंगे, बल्कि यह भी बताएंगे कि किस मौके पर और किस फैब्रिक की साड़ी के साथ इन्हें कैसे स्टाइल किया जाए, ताकि आपका लुक पारंपरिक होते हुए भी ट्रेंडी और खूबसूरत दिखे।





### गोटा पट्टी ब्लाउज की डिजाइंस

गोटा पट्टी का काम राजस्थानी कला का एक बेजोड़ उदाहरण है। यह एम्ब्रॉयडरी पूरे विश्व में लोकप्रिय है। एक छोटा और पतला सा गोटा पूरे ब्लाउज की खूबसूरती में चार-चांद लगा देते हैं। ऐसे में किस तरह के गोटे वाले ब्लाउज आप किस तरह की साड़ी के साथ पहन सकती हैं, चलिए हम आपको बताते हैं।

### गोटा पट्टी चेक एम्ब्रॉयडरी ब्लाउज डिजाइन

नेट फैब्रिक में भी अब गोटा वर्क वाली साड़ी आती हैं और इस तरह की साड़ी के साथ आप साटन के ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

## झाइयों को दूर करें बेहद कम खर्च में

चेहरे की खूबसूरती तब फीकी पड़ जाती है जब उस पर दाग-धब्बे या झाइयां दिखाई देने लगती हैं। खासकर जब बात झाइयों की हो, तो यह समस्या और भी ज्यादा चिंता बढ़ा देती है क्योंकि झाइयां इतनी आसानी से दूर नहीं होतीं। चेहरे पर एक छोटा सा निशान भी पूरे लुक को बिगाड़ सकता है, ऐसे में अगर झाइयों के काले धब्बे चेहरे पर दिखाई देने लगें, तो आत्मविश्वास पर भी असर पड़ता है। लेकिन चिंता की कोई बात नहीं, क्योंकि अब आप आसान घरेलू उपाय से झाइयों की समस्या को जड़ से खत्म कर सकते हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट सोमा घोष बताती हैं कि इसेआप घर पर ही बहुत कम खर्च में बना सकती हैं।

### नींबू से साफ होंगी झाइयां

नींबू विटामिन-सी का बहुत अच्छा सोर्स होता है। अगर आप झाइयों से परेशान हैं, तो आपको एक बार नींबू के जेल का इस्तेमाल करके देखना चाहिए, जो घर पर ही आसानी से बस सकता है।

### एंटी पिग्मेंटेशन फेस जेल

विटामिन-सी त्वचा के दाग-धब्बों को कम करता है। जिस जेल की विधि हम आपको



आज बताने जा रहे हैं, उसमें विटामिन-सी की मात्रा भरपूर है। सबसे अच्छी बात है कि इस जेल को बनने में आपको केवल 2 रुपये ही खर्च करने पड़ेंगे बाकी सारी सामग्री आपके घर पर ही उपलबध हो जाएगी।

### फेस जेल बनने की विधि

सबसे पहले एक छोटी सी कटोरी में नींबू का रस निकाल कर रखें। ध्यान रखें पीले नींबू का रस ही लें। हरे नींबू रस बहुत ज्यादा एसेडिक होता है। इसके बाद आप नींबू के रस में एलोवेरा जेल डालें। आपके घर में अगर एलोवेरा का पौधा लगा है, तो उससे पत्ती को तोड़कर उसका जेल भी यूज कर सकती हैं। इसके लिए पहले पत्ती को 30 मिनट के लिए पानी में डिप करें और फिर जब उसका पीला पदार्थ निकल जाए, तो उसका जेल निकाल कर कटोरी में डाल लें।

## जींस और टॉप के साथ पेयर करें खास फुटवियर, जो देंगे पैरों को क्लासी लुक

फैशन की दुनिया में रोजाना नए-नए ट्रेंड बदलते रहते हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाएं फैशनेबल लुक क्रिएट करने के लिए काफी कोशिश करती हैं। आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में जानना चाहिए, जिन्हें आप जींस टॉप या जींस शर्ट के साथ शामिल कर सकती हैं।

### वेज सैंडल

अपने लुक को भीड़ से हटकर दिखाने के लिए आप जींस और टॉप के साथ इस तरह की खूबसूरत वेज सैंडल फुटवियर ट्राई कर सकती हैं। ऐसे फुटवियर न सिर्फ आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ा देंगे, बल्कि यह आपके लुक को एलिगेंट और क्लासिक टच देने में भी आपकी मदद करेंगे। आप इस तरह के फुटवियर को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### थोंग फ्लिप-फ्लॉप

अगर आप जींस के साथ टी-शर्ट पहन रही हैं और अपने इस लुक को डिफरेंट और गॉर्जियस लुक देना चाहती हैं, तो अब आप अपने आउटफिट के साथ इस तरह के खूबसूरत थोंग फ्लिप-फ्लॉप फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। ऐसे फुटवियर न सिर्फ आपको



डिफरेंट लुक देंगे में मदद करेंगे, बल्कि इससे आप अपने पैरों की खूबसूरती को भी बढ़ा सकती हैं। आप इस तरह के फुटवियर को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### टेक्सचर्ड ब्लॉक हील पंप्स

ड्रेस चाहे कितनी भी अच्छी क्यों ना हो, लेकिन जब तक फुटवियर सही नहीं हो तब तक आपका लुक गॉर्जियस बन नहीं सकता है। ऐसे में जींस और टॉप के साथ आप इस तरह की खूबसूरत टेक्सचर्ड ब्लॉक हील पंप्स फुटवियर को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे फुटवियर आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

कार्नर न्यूज

फ्लोरल शर्ट को अलग-अलग तरीकों से पहनें, दिखेंगे अट्रैक्टिव और स्टाइलिश

## बारिश के मौसम में फ्लोरल शर्ट देगी आपको ग्लैमरस लुक, डिजाइन पर फिदा हो जाएंगे लोग

बारिश के मौसम में पुरुषों के लिए फ्लोरल शर्ट परफेक्ट हैं। खासकर कैजुअल लुक के लिए इससे अच्छा और कुछ नहीं हो सकता है। समर सीजन में टॉप वियर में इस स्टाइल की शर्ट को अपने वार्डरोब में शामिल करें। कई लोगों को लगता है कि फ्लोरल शर्ट को एक ही तरीके से पहन सकते हैं। जैसे- हमारे एक जान-पहचान वाले साथी ने कहा कि फ्लोरल शर्ट बस समुद्र तट पर घूमने फिरने के लिए सही है। हां, ये सच है कि ट्रिप के दौरान स्टाइलिश लोग फ्लोरल शर्ट पहनना पसंद करते हैं। मगर उनको ये पता ही नहीं कि फ्लोरल शर्ट को कहीं भी किसी ओकेजन पर पहनकर जा सकते हैं। अपने ऑफिस से लेकर पार्टी तक में ऐसे कैजुअल शर्ट को पहनना अच्छा रहता है। इसलिए हम यहां पर फ्लोरल शर्ट



को अलग-अलग तरीकों से पहनकर जाने का तरीका बता रहे हैं। आप अपनी फ्लोरल शर्ट की मैचिंग कैसे कर सकते हैं। ये बात भी आपको यहां पर सीखने को मिलेगी-

### चिनोज और फ्लोरल शर्ट

चिनोज के साथ फ्लोरल शर्ट को पहना जा सकता है। इसके लिए एक बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन वाले चिनोज पैंट के साथ परफेक्ट फिटिंग वाली फ्लोरल शर्ट पहनें। इसको पहनने के बाद लुक में निखार आएगा।

### कब पहनें

अगर आपके ऑफिस में कैजुअल ड्रेस पहनने की अनुमति है तो वहां पहनकर जाएं। अन्यथा कैजुअल ड्रेस डे के दिन पहनकर जा सकते हैं। ये परफेक्ट होगा। इसके अलावा डेट पर जाने के लिए भी ये सही है।



### जींस और फ्लोरल प्रिंट शर्ट

जींस के साथ ही फ्लोरल प्रिंट वाली शर्ट को पहन सकते हैं। इस तरह की शर्ट में आपको मनचाहा लुक मिल सकता है। गर्मी के सीजन में जींस के साथ हाफ स्लीव फ्लोरल शर्ट को पहनें। अन्यथा फुलस्लीव वाली शर्ट की बांहों को भी मोड़कर पहन सकते हैं।

### कब पहनें

इस तरह के लुक में ऑफिस जाया जा सकता है। इसके अलावा शॉपिंग या आउटिंग के दौरान ऐसे ड्रेसअप में जाएं।

बरमूडा शॉर्ट्स और फ्लोरल शर्ट

गर्मी के सीजन में कहीं घूमने-फिरने जा रहे हैं तो बरमूडा शॉर्ट्स और फ्लोरल शर्ट लेकर जाएं। समुद्र तट पर या द्वीप पर छुट्टियों के दौरान ऐसी ड्रेस में परफेक्ट लुक मिल सकता है।

### कब पहनें

इस तरह की ड्रेस को पहनकर घर पर रह सकते हैं। इसके अलावा आप ट्रिप पर ऐसी ड्रेस पहनकर जाएं। मगर ऑफिस के लिए ऐसे लुक को ट्राय करने से बचें।